


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 27 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-029 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## शहीदों की अर्थी को मुख्यमंत्री ने दिया कांधा

### पुलिस लाइन कारली में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि, गार्ड ऑफ ऑनर

**दंतेवाड़ा 27 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर में हुए नक्सली हमले में शहीद डीआरजी के 10 जवानों एवं हमले में शहीद वाहन चालक को पुलिस लाइन कारली में श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद दीपक बैज, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत पुलिस के कई आला अफसर पहुंचे थे। सबसे पहले शहीदों को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शहीद जवानों के शव पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी शहीदों के परिवारजन मौजूद थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शहीदों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए ढांढस बंधाया और कहा कि सरकार शहीद परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है लिहाजा आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। श्रद्धांजलि देने विपक्ष के भी कई नेता पहुंचे थे। जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश प्रभारी ओपी माथुर, जिला प्रभारी श्रीनिवास मद्दी शामिल थे। इस दौरान माथुर ने सीएम बघेल से भेंट कर घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि देने शहीद परिवार के गांवों से भी बड़ी तादात में ग्रामीण आए थे सभी ने बारी-बारी से शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस दौरान शहीदों के सभी परिजन रोते बिलखते नजर आए। शहीदों के पार्थिव शरीर को जब अंतिम विदाई दी जा रही थी तो प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने अपने स्थान से उठकर स्वयं एक शहीद के ताबूत के नजदीक पहुंचे और अपने हाथों से शहीद के ताबूत को उठाकर उन्हें अपने कंधे पर रखा और चलकर वाहन तक शहीद को अंतिम विदाई दी।



#### बचे-खुचे नक्सली जल्द मार गिराए जाएंगे : सीएम

शहीदों को श्रद्धांजलि देने उपरांत मीडिया से मुखातिब होते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुखी मन से कहा कि कल जो घटना हुई है वह बेहद ही दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे चूक नहीं कह सकते क्योंकि हमारी पुलिस को यह जानकारी थी कि उस इलाके में नक्सलियों की उपस्थिति है। जवान सर्चिंग पर ही निकले थे इसी दौरान ये घटना हुई है इसलिए इसे चूक कहना सही नहीं होगा हो सकता है। थोड़ी बहुत कोई कमी रह गई होगी। श्री बघेल ने कहा कि जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना पर जवानों की टीम सर्च आपरेशन पर निकली थी और जब जवान लौट रहे थे इसी दरम्यान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया है। उन्होने कहा कि नक्सलियों का शुरू से ही यही रणनीति रही है कि छुपकर हमला करो और मौके से कायरों की तरह भाग जाओ। इस बार भी उन्होने कोई आमने-सामने की लड़ाई नहीं लड़ी है छुपकर घात लगाकर जवानों पर हमला किया है। उनकी इस कायराना हरकत का हम कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हैं। बघेल ने कहा कि अरनपुर में आज विकास की बयार बह रही है। जहां कभी आम आदमी पहुंच नहीं सकता था आज उस इलाके में दिन-रात बेधड़कर कोई भी इंसान आ जा सकता है। सड़क से लेकर फोन कनेक्टीविटी तक की सुविधा आज अरनपुर,जगरपुरंडा इलाके के लोगों को मिल पा रहा है। उस इलाके में हाट बाजार भी लग रहे हैं। दरअसल नक्सली अब हाशिये पर हैं। अपना वजूद बचाने वे अंतिम लडाई लड़ रहे हैं। सरकार नक्सलमुक्त प्रदेश के लिए दृढ़ संकल्पित है। बचे-खुचे नक्सलियों को भी जल्द मार गिराया जाएगा। शहीदों की कुर्बानी कभी बेकार नहीं जाती। हमारे जवान पूरे इलाके को घेराबंदी कर कायर नक्सलियों के गढ़ तक जाकर उन्हें ढूंढ रहे हैं इलाके में आपरेशन को और तेज किया जाएगा। जल्द ही नक्सलियों पर बड़ी कारवाई होगी। जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। पहले नक्सली कैंपों पर हमला करते थे, लेकिन अब हमारे जवान नक्सलियों को मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कि हमले अलग थे, अब नक्सलियों के पैर लगातार पीछे हो रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर नक्सली भारतीय संविधान पर विश्वास करें और अपना हथियार को छोड़े, तब हम उनसे बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

#### नरोत्तम मिश्रा पर बरसे बघेल

वहीं नरोत्तम मिश्रा के बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा को पूरी जानकारी नहीं है. नरोत्तम मिश्रा राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं. बस्तर में 600 गांव नक्सल मुक्त हो चुके हैं. हमारे जवानों का मनोबल और बढ़ा है. नक्सलियों के ख़िलाफ़ अब तेज़ी से कार्रवाई होगी. केंद्र सरकार ने खुद कोंडागांव को नक्सल मुक्त घोषित किया है.

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में खुलेंगे 5 नए नर्सिंग कॉलेज

**रायपुर,27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में अब नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की अनुमति मिल गई है। बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने प्रदेश के पांच जिलों में पांच नए नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए अनुमति दे दी है। इन नर्सिंग कॉलेज को खोलने में लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत लगेगी। देश में कुल 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की अनुमति है। इनमे से छत्तीसगढ़ में पांच नए कॉलेज खोलने के लिए अनुमति दी गई है। देशभर में ये सभी कॉलेज दो साल के भीतर खोले जाएंगे। सभी कॉलेज को खोलने के लिए लगभग 1570 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि देश और दुनिया में बीएससी नर्सिंग करने वालों की डिमांड हैं और उन्हें तुरंत नौकरी मिल जाती है. इस फैसले से देश और दुनिया की जरूरत भी पूरी हो सकेगी. आज भारतीय नर्सेस दुनिया के कई देशों में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

### पीएमएलए के प्रावधानों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई छत्तीसगढ़ सरकार

**नई दिल्ली,27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है. मूल मुकदमा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में प्रवर्तन निदेशालय में की जा रही खोजों से संबंधित है. भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एस रवींद्र भट और पीएस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और छत्तीसगढ़ के स्थायी वकील सुमीर सोढ़ी ने किया. अनुच्छेद 131 के तहत, सुप्रीम कोर्ट के पास अंतर-राज्य या केंद्र और राज्य के विवादों पर मूल अधिकार क्षेत्र है.यह मुकदमा धारा 17 (खोज और जब्ती), 50 (सम्मन, दस्तावेजों को पेश करने और सबूत देने आदि के बारे में अधिकारियों की शक्तियां), 63 (गलत सूचना या सूचना देने में विफलता आदि के लिए सजा) और के बारे में संवैधानिक सवाल उठाता है. मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की रोकथाम के 71 (अध्यावरण प्रभाव के लिए अधिनियम) और एक घोषणा की मांग करता है कि वे संविधान के अल्ट्रा वायर्स हैं.

## उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध त्रेतायुग सेः योगी

**बेंगलुरु,27 अप्रैल।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार तेज है। भाजपा की ओर से भी जबरदस्त प्रचार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर्नाटक में भाजपा के लिए प्रचार करने पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को वह मांड्या पहुंचे थे। मांड्या में उन्होंने उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध भी बताया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक का संबंध आज से नहीं, त्रेतायुग से है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के बनवास के सबसे अभिन्न सहयोगी श्री हनुमान जी का जन्म इसी कर्नाटक की धरती पर हुआ था। इसलिए आप देखते होंगे यह मित्रता कितनी अभिन्न है। उन्होंने कहा कि भक्त और स्वामी का संबंध कितना जुड़ा हुआ है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दुनिया में भगवान प्रभु राम का मंदिर जहां भी होगा वहां हनुमान जी अवश्य होंगे। योगी आदित्यनाथ से कहा कि यह संबंधों की व्यवस्था सिर्फ वही से नहीं। उन्होंने कहा कि आज कई मठ कर्नाटक में है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का संबंध बहुत पुराना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक में अपनी पहली चुनावी रैली में धर्म आधारित आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मजबूत 'डबल इंजन सरकार' के कारण पिछले छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ।



## छत्तीसगढ़ की बेटी ने जीता गोल्ड मेडल

**राजिम,27 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ की बेटी ने भारतीय डिफेंडो में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है. वहीं उसके मेडल जीतने से घर में खुशी का माहौल है और गांव-गांव में जीत की चर्चा है. बता दें कि राजिम के चौबेबांधा के निवासी परमेश्वर शैलेंद्री सोनकर की सुपुत्री माधुरी सोनकर ने भारतीय डिफेंडो में पांडिचेरी के साथ मुख्य मुकाबला किया. इस मुकाबले में उसने पांडिचेरी को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमा लिया. इस मुकाम तक पहुंचने के लिए माधुरी सोनकर ने खूब मेहनत की. माधुरी कोच जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में पिछले 6 महीने से कड़ी मेहनत कर रही थी. जिनका नतीजा राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में साफ तौर से देखने को मिला. यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश के मनाली में हुआ. माधुरी के गोल्ड मेडल जीतने की खबर से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. जैसे ही माधुरी गोल्ड मेडल लेकर गांव पहुंची तो उसका आतिशबाजी एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया.



माधुरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि कक्षा दसवीं से ही डिफेंडो में जाने की उम्मीद जगी हुई थी. टीवी देखने के बाद घर में ही प्रैक्टिस शुरू कर दी थी. माधुरी अभी बीएससी सेकंड ईयर में पढ़ाई कर रही है. उन्होंने बताया कि कराटा, जूडो और किक बॉक्सिंग तीनों को मिलाकर डिफेंडो बना है. अपनी सुरक्षा के लिए लड़ना इसमें मुख्य रूप से बताया जाता है. इसमें पंच मारना, ब्लॉक करना और गिराना होता है साथ ही पटखनी (गिराने) पर सबसे ज्यादा पॉइंट मिलता है.

माधुरी प्रतिदिन डेढ़ घंटे तक अभ्यास करती है. उन्होंने बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए पूरी तैयारी कर रही हूं. मौका मिलने पर इतिहास गढ़ने को आतुर हूं. उन्होंने आगे बताया कि परिवार के सभी लोगों का मुझे भरपूर सहयोग मिल रहा है साथ ही प्रोत्साहित भी कर रहे हैं. यह मेरे लिए सबसे बड़ी प्लस पॉइंट है. राजिम के इंग्लिश मीडियम मल्टीमूंव स्कूल परिसर में कोच ने लगातार अभ्यास करवाया. उसके बाद भिलाई में खेलने का मौका मिला फिर राष्ट्रीय स्तर में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली में पांडिचेरी और दिल्ली गर्ल्स को हराकर गोल्ड मेडल जीत गई.

#### महामाया देवी दर्शन करने जा रहे थे श्रद्धालु

## सवारी गाड़ी को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत

**बिलासपुर,27 अप्रैल।** बिलासपुर-रतनपुर रोड पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें हैदराबाद में रहने वाली एक महिला सहित दो महिलाओं की मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी टाटा मैजिक गाड़ी सवारी उतार रही थी। उसी समय तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी सड़क से 25 फीट दूर खेत में जा गिरी। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार यात्रियों को लेकर रतनपुर जा रहे मैजिक वाहन मदनपुर के पास सवारी उतारने के लिए नेशनल हाईवे पर रुका था। उसी समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने मैजिक वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से वाहन उछला और रोड से नीचे खेत में जा गिरा। इसमें सवार यात्री भी उसके साथ खेत में गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राजकिशोर नगर निवासी पुष्पा (68) अपने पड़ोस में रहने वाली लक्ष्मीकांता सहित अन्य के साथ रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर देवी दर्शन करने के लिए जा रही थी। ये लोग मैजिक वाहन में सवार थे। मदनपुर में जब सवारी उतारने के लिए गाड़ी खड़ी हुई, तब उसमें नौ लोग सवार थे। इस हादसे में पुष्पा और लक्ष्मी समेत नौ लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद घायलों को रतनपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें इलाज के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे में टाटा मैजिक सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जिनमें मदनपुर निवासी सावित्रीबाई पति रूपराम कलीब (60 )और सरकंडा निवासी लक्ष्मीकांता सांगा (60) शामिल हैं। वहीं, पांच पुष्पा सहित पांच अन्य की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सिम्स रेफर किया गया है।




» इनसे मिलकर अपूर्व शांति मिलती है : संकल्प

» तरुण छत्तीसगढ़ का यह कार्य अनुकरणीय : प्रमोद

## तरुण छत्तीसगढ़ ने मनाया मूक-बधिर बच्चों के बीच स्थापना दिवस

**रायपुर,27 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सांध्य दैनिक समाचार पत्र तरुण छत्तीसगढ़ ने अपना 39वां स्थापना दिवस आज अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों के बीच मनाया। इस अवसर पर बच्चों को पानी बोतल, कम्पास बाक्स सहित पाठ्य सामग्रियां वितरित की गई।

ज्ञात हो कि तरुण छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस 30 मार्च को था। स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़ परिवार आज मूक-बधिर बच्चों के बीच पहुंचा। सेक्टर एक, न्यू राजेन्द्र नगर, कटोरा तालाब में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग स्कूल में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तरुण छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र की प्रेरणा से उनके पुत्र एनएसयूआई के प्रदेश मीडिया प्रभारी संकल्प मिश्र ने स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी महीने संकल्प का जन्म दिन भी था।

#### ये बच्चे भगवान के रूप : मिश्र

तरुण छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र ने इस अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में स्कूल की उतरोत्तर प्रगति तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि ये दिव्यांग बच्चे भगवान के रूप हैं। इनकी सेवा से शांति के मार्ग प्रशस्त होते हैं।

कार्यक्रम के सभापति व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि यह पहली बार है जब कोई समाचार पत्र अपना स्थापना दिवस मूक बधिर बच्चों के बीच मना रहा है। आम जनता तक सच्ची व ताजी खबरें पहुंचाने के साथ ही तरुण छत्तीसगढ़ का दिव्यांग बच्चों व समाज की सेवा करना अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। यह अखबार 'आम आदमी का अपना अखबार' के ध्येय

शेष पृष्ठ 3 पर



# राहुल गांधी के खिलाफ करवाई के विरोध में कवर्धा ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने की नुक्कड़ सभा



कवर्धा, 27 अप्रैल। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण सोमवार को राष्ट्रीय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष माननीय मोहन मरकाम व कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी थानेश्वर पाटिला के आदेश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में बाजार चौक सोनबरसा में भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्यवाही के विरोध में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए होरी राम साहू ने कहा कि मोदी सरकार को सबसे ज्यादा डर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से लगता है। लोकतंत्र की हत्या करने के लिए राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द किया है। केंद्र सरकार सच बोलने वालों का मुंह बंद करना चाहती हैं। देशवासी यह तानाशाही नहीं सहेंगे, लोकतंत्र की हिफाजत के लिए हम कांग्रेस जनों को जेल जाना पड़े तो जाएंगे। गांधी परिवार ने भारत की जनता की आवाज बुलंद की और सच्चाई की लड़ाई लड़ी है।ईश्वर शरण वैष्णव , सत्येंद्र वर्मा , मणिकांत त्रिपाठी ,अशोक दाऊ वाल्मीकि वर्मा ,कपिल श्रीवास् , हीरा दास रात्रे , जय कुमार धुर्वे के द्वारा संबोधित किया गया और मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को कोसा गया और मोदी सरकार की हिटलर शाही का आखिरी समय आ गया । उक्त कार्यक्रम में मनोज चंद्रवंशी , रमण केसरी , सुखदेव चंद्रवंशी , संतोष साहू , टेक राम साहू , इंदिरा दास बंजारे , पूना राम साहू , अशोक कश्यप , चंद्रहास , ज्वाला प्रसाद टंडन, भानु कोसले , नंद कुमार , अजय भट्ट, इंद्रदास, अशोक कश्यप , केदार कश्यप , धनु दास, योगदत्त रात्रे , विनय कुमार मेरावी, जितेंद्र कोसरिया , यशवंत , जगेशर यादव , संतोष , संदास जोशी , विजय साहू , प्रकाश नवरंग , देव प्रकाश कोसले , चंद्र भाग भास्कर , अशोक नवरंग , सरपंच प्रतिनिधि हरिराम साहू , दुजेराम सेवादल ,रामचरण साहू , पंचू कोरिया , मिलन चंद्रवंशी , पवन तिवारी , जय धुर्वे , द्वारका साहू , किशन बंजारे , भजन , राजकुमार पात्रे , गोवर्धन दास और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गरण उपस्थित रहे ।

## साजा के हार्दिक जैन मैथ्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल से सम्मानित



**साजा,27 अप्रैल।** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में मैथ्स ओलंपियाड में स्कूल रैंक में फर्स्ट रैंक पाकर गोल्ड मेडल से सम्मानित हुए ।

# ममता ने कापादाह से महका सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 27 अप्रैल।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुसऊ महका खैरझिटी से कापादाह सड़क के भूमि पूजन में पहुंची पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर और उनके पहुंचते ही बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर उपस्थित क्षेत्र के ग्रामीणों ने जोरदार भारी उत्साह से विधायक ममता का आत्मीय स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया सड़क की लंबाई 12.80 किलोमीटर पैकेज क्रमांक ष्द09द्व35 (2023-24) स्वीकृत राशि589.41 लाख रुने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है हमारी सरकार जनता से वादा किया है सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ



किया गया, एवं सर्वाधिक मूल्य पर 2500 सौ में धान की खरीदी किया गया गोधन न्याय योजना के माध्यम से किसानों एवं पशुपालकों लाभ हुआ आने वाले समय में हमारे छत्तीसगढ़ की भूपेश की सरकार 2800 सौ में धान की खरीदी करने की घोषणा की है, भूमिहीन किसानों को पहले ग्रामीण क्षेत्र में लाभ मिलता था अब नगरी निकाय में भी ?7000 प्रति वर्ष देने की घोषणा की गई है बेरोजगारों को 2500सो रुपए, नित नई नई योजनाएं लाकर छत्तीसगढ़ की सरकार छत्तीसगढ़ का संपूर्ण विकास कर रही है उसको हमारी सरकार पूरा कर रही है अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडरिया नविन जायसवाल, उद्योगपति एवं समाजसेवी श्याम तंबोली , गुरु दत्त शर्मा,डोमेन मरकाम, सुंदर साहू ,रामकुमार साहू, सुनील जोशी, राजेंद्र मारकंडे ,रुपेंद्र वर्मा ,पालेश्वर चंद्राकर ,सतीश कोठारी, रामचंद्र परस्ते ,संतोष चंद्राकर ,राजेश चंद्राकर ,रोमी खनूजा, हरेंद्र चंद्राकर, प्रभु सिंगरौल, सनत चंद्राकर ,यशवंत कुमार ,मानिक लाल सहित सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता विशाल संख्या में महिला एवं पुरुष आसपास क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## भारतीय मजदूर संघ ने कामगारों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**भिलाई, 27 अप्रैल।** भारतीय मजदूर संघ का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन पटना बिहार में दिनांक 7, 8 एवं 9 अप्रैल को संपन्न हुआ। अधिवेशन में भारत के कामगारों के संबंध में गंभीर चिंतन एवं चर्चा किया गया कि कामगारों को शोषण मुक्त एवं समतायुक्त समाज का निर्माण कैसे हो, इस दृष्टि से कामगारों के लिए भारतीय मजदूर संघ ने अधिवेशन में सर्वसम्मति से 4 बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया। सामाजिक सुरक्षा सभी को मुहैया हो एवं सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को अतिशीघ्र लागू किया जावे, ठेका प्रथा के अंधानुकरण पर रोक लगाने तथा ठेका श्रम अधिनियम 1970 में न्याय उचित संशोधन कर उसका ठोस परिपालन सुनिश्चित किया जाए, समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को अनिवार्य रूप से पालन किया जावे, आर्थिक विकास के लिए एक राष्ट्रीय श्रम नीति बने जिसके लिए असंगठित एवं संगठित पूरे श्रम क्षेत्र के लिए एक समान श्रम नीति एवं कानून लागू हो तथा राष्ट्रीय श्रम नीति निर्माण के लिए त्रिपक्षीय फोरम बनाया जावे।

## एक नजर

### कुछ मेडिकल दुकानों में मिल रही नशीली दवाइयां,कार्रवाई जरूरी

**भिलाई, 27 अप्रैल।** भिलाई शहर में नशीली दवाइयों का कारोबार करने वाले सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। मेडिकल दुकान संचालक और कोचिया के खिलाफ कई बार कार्रवाई किए जाने के बाद भी कई मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित नशीली दवाइयों का कारोबार किया जा रहा है। इन दवाइयों का इस्तेमाल करने के बाद नशे की हालत में कई बार गंभीर अपराध भी हो रहे हैं रामनवमी के दिन इंदिरा पारा सुपेला निवासी महेश यादव नाम के युवक ने नशीली कफ सिरप कोरेक्स के नशे में ही अपनी गर्लफ्रेंड सुमन साहू और उसकी बहन सरिता साहू को चाकू मारा था इसके साथ ही होली के एक दिन पहले भी खुर्सीपार में नशे की हालत में ही एक युवक ने एक आदतन बदमाश की कटर मारकर हत्या की थी बता दें कि अभी शराब, गांजा और ब्राउन शुगर के साथ ही नशीली दवाइयों का इस्तेमाल करने वालों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है मेडिकल स्टोर पर आसानी से उपलब्ध होने के कारण नशा करने वाले इसका ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस ने समय समय पर नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की है ज्यादातर दुर्ग में नशीली दवाइयों का व्यापार और इस्तेमाल करने वाले पकड़े गए थे। इसके साथ ही सुपेला, कैंप और खुर्सीपार क्षेत्र में भी नशीली दवाइयों का ज्यादा खपत है। पुलिस ने जितनी बार भी कार्रवाई की है, हर बार ये अपील भी की है कि नशीली दवाइयों का कारोबार करने वाले सुधर जाएं, नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन इसका बहुत ज्यादा असर होता नजर नहीं आया है अभी भी युवा नशीली दवाइयों का काफी ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं नुकसानदेह है दवाइयां ये दवाइयां सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा नुकसानदेह है। इसका किडनी और हार्ट पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इसके साथ ही ये दवाइयां मनोस्थिति को भी प्रभावित करती हैं लेकिन, कई दुकान संचालक ज्यादा मुनाफा के लिए इन दवाइयों का अवैध व्यापार करते हैं। इन दवाइयों को 10 गुना ज्यादा कीमत पर बेची जाती है। जबकि बिना चिकित्सकीय परामर्श के इन दवाइयों को नहीं बेचा जा सकता है इन दवाइयों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करने की जरूरत है।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में बच्चों का समर कैंप 4 मई से

**भिलाई, 27 अप्रैल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्कर्ष समर कैंप का आयोजन 4 से 11 मई तक सेक्टर 7 स्थित अंतरदिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है । जिसका समय प्रातः 8–30 से 10–00 बजे तक रहेगा। जिसमें कक्षा छठवीं, सातवीं,आठवीं के छात्र छात्राएं भाग ले सकते हैं। उत्कर्ष समर कैंप में मेडिटेशन के साथ-साथ वैल्यू बेस्ड एक्सरसाइज, फन गेम्स, विभिन्न प्रतियोगिताएं और अपने क्षेत्रों में सफल सुप्रसिद्ध हस्तियां अपने अनुभव से बच्चों को लाभान्वित करेंगे। ज्ञात हो कि यह समर कैंप कोविड के कारण विगत दो वर्षों में ऑनलाइन आयोजित हुआ था। जिसमें भिलाई सहित देश विदेश के बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था। विगत 25 वर्षों से भी अधिक आयोजित इस उत्कर्ष समर कैंप में हजारों बच्चों ने भाग लिया है जो कि आज उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ले रहे हैं और कई विद्यार्थी श्रेष्ठ संस्थानों में जॉब भी कर रहे हैं। इस समर कैंप में भाग लेने के लिए बच्चे अपने स्कूल के क्लास टीचर से संपर्क कर सकते हैं। एक जारी बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुए बीके गौरीशंकर ने बताया कि अधिक जानकारी लिए सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में भी संपर्क कर सकते हैं । इस निशुल्क समर कैंप में निशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### बीएसपी ने वित्त वर्ष 2023 में जेम के माध्यम से दोगुनी से अधिक की खरीद

**भिलाई, 27 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन (एमएम) विभाग ने जीईएम पोर्टल और ई-रूट के माध्यम से खरीद में काफी वृद्धि की है। बीएसपी ने वित्त वर्ष 2021-22 में हासिल किए गए 1103 करोड़ रुपये के पिछले सर्वश्रेष्ठ खरीद को पार करते हुए वित्त वर्ष 2022-23 में जेम के माध्यम से 2842 करोड़ रुपये की अब तक की सबसे अधिक खरीद दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि 99 प्रतिशत के लक्ष्य को पार कर ई-रूट के माध्यम से 99.8 प्रतिशत खरीद दर्ज की गई है। संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में रिवर्स नीलामी (आक्शन) के माध्यम से अब तक की सबसे अधिक 1943 करोड़ रुपये का रिकार्ड दर्ज कर वित्त वर्ष 2021-22 के पिछले सर्वश्रेष्ठ 978 करोड़ रुपये को पार किया गया। वित्त वर्ष 2022-23 में रिवर्स नीलामी से 51 करोड़ रुपये की अब तक की सबसे अधिक संचयी बचत हासिल की गई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में प्राप्त 26 करोड़ रुपये के पिछले सर्वश्रेष्ठ से कहीं अधिक है। सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा प्राप्त एक अन्य उपलब्धि के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2022-23 में माइक्रो एंड स्माल-स्केल इंटरप्राइजेस (एमएसई) को 930 करोड़ रुपये के अधिकतम कुल परचेस ऑर्डर दिए हैं, जो वित्त वर्ष 2021-22 में दिए गए 641 करोड़ रुपये के कुल परचेस ऑर्डर से कहीं अधिक है।

गौरतलब है कि बीएसपी द्वारा कुल खरीदी मूल्य में से 33 प्रतिशत खरीदी एमएसई विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है। बीएसपी ने ऐसा करते हुए सार्वजनिक खरीद नीति के अनुसार 25 प्रतिशत के लक्ष्य को पार किया।



## ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कर्मवीर शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 27 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में 25 अप्रैल को शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन ब्लास्ट फर्नेस स्थित वेलफेयर बिल्डिंग-8 के सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभाग में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले कार्मिकों को कर्म व पाली शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। जनवरी से मार्च 2023 के लिए लक्ष्मी नारायण देवांगन, चार्जमेन कम मास्टर ऑपरेटिव्ह को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया एवम् मार्च 2023 माह के लिए मुकेश कुमार सोनी, मास्टर टेक्नीशियन एवं राज कुमार भास्कर, मास्टर टेक्नीशियन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबंधक सौम्य तोकदार ने अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कृत विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। समारोह में विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण अरविंद गुप्ता, एस बलराज, राजेश गायकवाड़, आर आनंद, विनोद दास एवं एन के सालवटकर भी उपस्थित थे। उन्होंने भी अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कार विजेताओं के द्वारा किए गए।

# कार्यशाला में130 मीटर लम्बी रेल का उत्पादन प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

भिलाई, 27 अप्रैल। दिनांक 25 अप्रैल को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल द्वारा उत्पादित रेल में 130 मीटर लम्बी रेल का प्रतिशत बढ़ाने हेतु मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी के मार्गदर्शन में कार्य निष्पादन उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का उदघाटन करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनिश सेनगुप्ता ने कहा कि शॉप फ्लोर में कार्य करने वाले व्यक्तियों को उपकरण चलाने एवं उनके रखरखाव सम्बंधित क्रियाकलापों की सटीक जानकारी रहती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने सुदीर्घ अनुभव का प्रयोग करते हुए 130 मीटर लम्बी रेल का प्रतिशत बढ़ाने के लिए परिणामोन्मुखी, बिन्दुवार कार्ययोजना तैयार करेंगे। सेनगुप्ता ने अपने उद्बोधन में छोटे से छोटे रचनात्मक विचारों को लिखने एवं उन पर विचार मंथन कर, लक्ष्य की प्राप्ति के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 130 मीटर लम्बी रेल का प्रतिशत बढ़ाने का



लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में यह कार्यशाला अत्यंत मददगार साबित होगी। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास ने 130 मीटर लम्बी रेल के उत्पादन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संयंत्र के लिए लागत कम करने के साथ ही रेल यात्रियों के आराम एवं सुरक्षा को बढ़ाने में मददगार है। महाप्रबंधक ए व्ही मनोज ने आशा व्यक्त की कि आपस में बैठकर बात करने से हम लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर होंगे। कार्यशाला के संचालक महाप्रबंधक उमेश अवधिया ने जानकारी दी कि विगत 26 अगस्त 2022 को बिलेट की लम्बाई में अनुकूलन कर 130 मीटर लम्बी रेल का प्रतिशत बढाने विषयक कार्य निष्पादन उन्नयन कार्यशाला के पश्चात 130 मीटर घटक का प्रतिशत 53.1 प्रतिशत से बढ़कर 64.9 प्रतिशत हो गया था। अवधिया ने प्रतिभागियों को जानकारी दी कि आज की कार्यशाला हेतु 130 मीटर घटक को वार्षिक औसत 60.7 प्रतिशत बढ़ाकर 65 प्रतिशत किये जाने लक्ष्य रखा गया है।

उदघाटन समारोह के पश्चात महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एस के ओसवाल, महाप्रबंधक विशाल गुप्ता एवं महाप्रबंधक एस मुखोपाध्याय द्वारा प्रतिभागियों को विषय से सम्बंधित संक्षिप्त तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। महाप्रबंधक अवधिया के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने 130 मीटर घटक को बढाने के विभिन्न उपायों एवं उनके क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर विचार मंथन कर विस्तृत कार्य-योजना तैयार की। कार्यशाला के अंत में यूनिवर्सल रेल मिल के वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मुख इन कार्य-योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यशाला के समन्वयक उप महाप्रबंधक मुकुल कुमार सहारिया ने जानकारी दी कि पीआईडब्लू वर्कशॉप मानव संसाधन विकास हेतु प्रयोग किया जाने वाले अत्यंत प्रभावकारी एवं परिणामोन्मुखी साधनों में से एक है। यह कार्यशाला प्रतिभागियों को एक ऐसा मंच प्रदान करती है जिसमें विभाग के विभिन्न अनुभागों के कार्मिक एवं अधिकारी लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आने वाली बाधाओं को पहचान कर उन्हें दूर करने हेतु समयबद्ध कार्य योजना तैयार कर उस पर अमल करते है। श्री सहारिया ने बताया कि मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न विभागों के लिए 14 कार्यशालाएं आयोजित की गयी थी। संचालन वरिष्ठ प्रबंधक सुभाष भाई पटेल ने किया।

# शारदा विद्यालय में बच्चों के विकास के लिए समर कैंप




**भिलाई।** समर कैंप में विद्यार्थी सीखेगें विभिन्न विधाएँ प्रशिक्षण मनुष्य को परिपक्व बनाता है, इस प्रगतिशील सोच के साथ शारदा विद्यालय, रिसाली में दिनांक 27अप्रैल से विद्यार्थियों के चातुर्दिक विकास हेतु ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का प्रारंभ माँ सरस्वती एवं वीर हनुमान की चरण वन्दना तथा आशा और विकास की किरण के प्रतीक गुब्बारों को अनंत नीलिमा को सौंप कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओ-हजया की उपस्थिति थी। उन्होंने एकता के प्रतीक मशाल को प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया । इस शिविर में विद्यार्थियों को उम्र के अनुसार फुटबॉल, क्रिकेट, चाईनीज़ चेकर, स्नैक एंड लेडर, लागोरी, लूडो, बैडमिन्टन, स्केटिंग, बॉलीबॉल, कबड्डी, कराते, आर्ट एंड क्राफ्ट, सात्विक भोजन, गार्डनिंग, थियेटर एंड ड्रामा, ब्यूटी एंड वेलनेश, जुंम्बा, फन विथ साइंस, पॉटरी मेकिंग, मैथ्स मैजिक, डिजिटल वर्ल्ड, व्यक्तित्व विकास, म्यूजिक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओ-हजया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जीवन का अनिवार्य अंग है। सत्र भर की प-सजयाई के पश्चात् शिक्षण एवं खेल के इस आयोजन से बच्चों में अनुशासन व व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीना शर्मा एवं अनुपमा सिंह ने किया तथा समापन राष्ट्रगान से किया गया। विद्यार्थियों के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कई गतिविधियों के लिए विशेषज्ञ संसाधकों का भी प्रबंध किया गया है। विद्यार्थियों के संर्वागींण विकास का उद्देश्य लिए शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन विपिन ओ-हजया, शारदा विद्यालय, रिसाली से मैनेजर ममता ओ-हजया, विद्यालय प्राचार्या सुतापा सरकार, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस रेन्जिनी एम.आर., प्रतीक ओ-हजया, वनिता



## आत्मानंद स्कूल में निर्माण कार्यों का महापौर कोसरे ने किया भूमिपूजन

**भिलाई, 27 अप्रैल।** भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे ने मंगलवार को चरोदा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की है। इसी प्रांगण में भविष्य में होने जा रहे निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करने पहुंचे महापौर ने शिक्षकों और शाला प्रबंधन के आग्रह पर बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों की चर्चा भी की। साथ ही शहर सरकार के अपने सहयोगियों के साथ स्कूल में होने वाले विभिन्न सह पाठयक्रम गतिविधियों की भी जानकारी ली।

## रानी लक्ष्मीबाई तालाब सौंदर्यीकरण का महापौर ने किया भूमिपूजन



**भिलाई, 27 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पटरी पार के वार्ड 13 के रानी लक्ष्मीबाई तालाब (भेलवा तालाब) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद आज महापौर नीरज पाल ने जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। 98 लाख लागत से होने वाले तालाब विकास कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को सहूलियत मिल सकेगी। विकास कार्य के लिए नींव की शुरुआत होने से वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। रहवासी तथा क्षेत्रवासी लंबे समय से तालाब में रिटर्निंग वाल, पेवर ब्लॉक सहित सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे थे जो अब शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। महापौर पाल ने उपस्थित निगम इंजीनियर और निर्माण करने वाली एजेंसी को शीघ्रता से साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को जल्द ही लाभ मिल सके। भिलाई निगम के जोन 01 नेहरूनगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 13 कोहका के रानी लक्ष्मीबाई तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, तालाब परिसर में कई तरह के धार्मिक आयोजन होते है, क्षेत्र के नागरिक तालाब में निस्तारी भी करते है, इसे देखते हुए तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी पहलुओं पर अधिकारी गंभीरता से ध्यान दें:आयुक्त

**भिलाई, 27 अप्रैल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने की तैयारियां तेज हो गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के तहत कार्य करने अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े हुए सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सर्वेक्षण में पाई गई खामियों पर भी फोकस किया तथा इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शत प्रतिशत सूखा कचरा एवं गीला कचरा, डोर टू डोर सूखा कचरा एवं गीला कचरा, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई, निर्माण एवं विध्वंस के कचरे का निपटान, होम कंपोस्टिंग, तालाबों की सफाई, खुले में शौच मुक्त, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय में व्यापक व्यवस्था तथा साफ-सफाई, प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही, रात्रि कालीन मार्केट क्षेत्र की सफाई, नालियों की सफाई तथा सड़कों की सफाई, बैक लाइन की सफाई, उद्यानों की सफाई, स्वच्छता संबंधित गतिविधियां, दीवारों में वॉल पेंटिंग आदि पर विशेष रूप से कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए नागरिक सहभागिता भी आवश्यक है। इसके लिए निगम



की आम नागरिकों से अपील की है कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग प्रदान करें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, खुले में शौच न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करें। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत व्यापारियों से जोन आयुक्त मिलकर बैठक करेंगे तथा भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए योजना तैयार कर इसे मूर्त रूप भी देंगे। इसके अलावा निगम आयुक्त ने शासन की प्रमुख योजनाओं की भी समीक्षा की तथा प्रगति लाने के निर्देश दिए। प्रमुख रूप से आयुक्त ने अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण की प्रगति की समीक्षा, बेरोजगारी भत्ता एवं आयुष्मान कार्ड, स्कूलों के संधारण की समीक्षा, रोड मरम्मत के कार्यों की समीक्षा, निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा, मितान योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना तथा गोधन न्याय योजना आदि प्रमुख योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता मनोज सिंह ठाकुर एवं बीके देवांगन, उपायुक्त रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, पूजा पिल्ले, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा तथा खिरोद्र भोई, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह तथा कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता आदि मौजूद रहे।

# तरुण छत्तीसगढ़ ने मनाया मूक-बधिर बच्चों के बीच स्थापना दिवस













**प्रथम पृष्ठ से आगे**

वाक्य को पूरी जिम्मेदारी से वर्षों से निभा रहा है। सेवा के क्षेत्र में समाचार पत्र का एक नया चेहरा आज सामने आया है। दुबे ने कहा कि इस समाचार पत्र के प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र ने अपनी पत्रकारिता के जरिए हमें राजनीति का ककहरा सिखाया है। कौशल भैया ही सही मायने में हमारे राजनीतिक गुरु हैं। वे अपने अखबारों में हमें स्थान नहीं देते तो हम राजनीति में आगे नहीं बढ़ पाते। संकल्प मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि तरुण छत्तीसगढ़ ने हमेशा दलित, शोषित व आम लोगों की समस्याओं को उठाया है। संकल्प मिश्र ने कहा जब मैं पहली बार इस स्कूल में आया था तभी से मैंने इन बच्चों से आत्मिक रूप से जुड़ गया था। इन बच्चों के बीच आकर हम तनाव मुक्त हो जाते हैं। इन्हें गले लगाने से हमें परम आनंद की अनुभूति होती है। मिश्र ने कहा कि हममें इतनी सामर्थ्य नहीं है कि दिव्यांग बच्चों को हम कुछ दे पाएं, हम तो इनसे कुछ लेकर ही जाते हैं। ये भले ही बोल-सुन नहीं सकते लेकिन इनकी समझ व दिमाग बेहद तेज है। तरुण छत्तीसगढ़ सदा इनके साथ है। समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने स्कूल की पूरी जानकारी दी। संकल्प मिश्र ने इस अवसर पर बच्चों के काम आने वाली पानी की बोतल, कम्पास बाक्स व पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया तथा उनके साथ बैठकर जलपान ग्रहण किया। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप, लाखेनगर मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, संस्था के कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, तरुण छत्तीसगढ़ के व्यवस्थापक नरेन्द्र चौहान, छायाकार जावेद खान, समिति के दिनेश शुक्ला, शिक्षक विशाल, शहाना आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय शुक्ला व आभार प्रदर्शन सीमा छाबड़ा ने किया।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

**राजनांदगांव ,27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कोतवाली, बसंतपुर, डोंगरगढ़, घुमका, गैंदाटोला, ओपी चिखली, ओपी सुरगी, ओपी तुमड़ीबोड़, ओपी चिचोला, ओपी मोहारा प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकि से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।,27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रार्थिया थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि हमारे घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण इसका चचेरा देवर द्वारा वर्ष 2017 में चन्द्रकुमार गजभिये पिता हरिशचन्द्र गजभिये उम्र 50 साल निवासी शिक्षक नगर चिखली जो पूजा पाठ का कार्य करता है बताया तब उसे ठीक है हमारे घर लेकर आना तब हमारे लखोली वाले घर में चन्द्रकुमार गजभिये को लेकर आया और उनके बातो में हम लोग आ गये और जान पहचान अच्छे से हो गयी उनके बताये अनुसार पूजा पाठ करने लगे और वह हमारे घर पूजा पाठ करने आते थे। वर्ष 2018 में पटेल कालोनी गायत्री स्कुल राजनांदगॉव में किराये के मकान में रहने लगे वहा भी चन्द्रकुमार गजभिये आना जाना करते थे और 4 दिन 8 दिन हमारे घर रह कर पूजा पाठ करवाते थे। जिससे घरेलु संबंध हो गया दो ढाई साल बाद हम लोग नवागॉव बजरंगपुर में रहने लगे धीरे-धीरे चन्द्रकुमार गजभिये जिसे हम गुरूदेव कहते थे उनसे सम्पर्क कम हो गया क्योंकि हर बात पर पूजा पाठ करना पडेगा इतना खर्च आयेगा कहकर हमारे उपर बोझ डालते थे कि दिनांक 21.04.2023 को इसकी नाबालिक बेटी ने डरते हुए बतायी कि माह नवंबर 2020 मे जब पटेल कालोनी में रहते थे उस समय पापा काम पर गये थे और आप मार्केट गयी थी। मैं अकेली थी शाम के 04:00-05:00 बजे गुरूदेव चन्द्रकुमार गजभिये जबरन मुझे कमरे में ले जाकर गलत काम किये। जब रोई तो तुम्हे ज्ञान मिलेगा तुम्हारे पापा के पास बहुत पैसा आएगा बोला और किसी को बताई तो तुम्हारे घर वाले को जान से मार दुॅगा बोलने के कारण डरकर नही बतायी जब-जब अकेले पाता था तब से अब तक 4-5 बार मेरे साथ गलत काम किया। इस बात को किसी को बताओगी तो तुम्हारी बदनामी होगी और तुम्हारे माता-पिता मर जांएगे कहता था तब डरकर नही बतायी प्रार्थिया को घटना की जानकारी होने पर थाना आकर रिपोर्ट करने आना बतायी कि रिपोर्ट पर आरोपी चन्द्रकुमार गजभिये के खिलाफ अप क्रं 278/23 धारा 376(3),376(2)(एन) भादवि0 4,8 पाक्सो एक्ट कायम किया गया। घटना के संबंध मे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अभिषेक मीना, के निर्देश एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन प्राप्त कर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के सकुनत शिक्षक नगर चिखली में तत्काल दबिश देकर आरोपी चन्द्रकुमार गजभिये को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया।

## मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को 80 एमएलडी क्षमता के नये जल शुद्धिकरण संयंत्र की दी सौगात

**रायपुर,27 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर दक्षिण विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दौरान भाठागांव में 80 एमएलडी क्षमता के नये जल शुद्धिकरण संयंत्र का लोकार्पण कर शहरवासियों को बड़ी सौगात दी। यह संयंत्र छत्तीसगढ़ का पहला जीरो वेस्ट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट है। कार्यक्रम में उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगम रायपुर के 9 बैक हो लोडर गाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र लगभग 15 करोड़ 86 लाख रूपये की लागत से तैयार किया गया है। इस संयंत्र का संचालन लैमेला ट्यूब सेटलर पद्धति से किया जाएगा। यह पूरी तरह से स्वचलित प्रणाली पर आधारित है। संयंत्र से प्राप्त जल से शहर के देवेन्द्र नगर, मोतीबाग, नलघर, बैरनबाजार, संजय नगर तथा मठपुरैना के छह बड़ी टंकियों को भरा जाएगा और जिससे शहर की बड़ी आबादी को शुद्ध एवं साफ पेयजल उपलब्ध हो पायेगा।




मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित जल शोधन संयंत्र के संचालन की पूरी प्रक्रिया और तकनीकी जानकारियां ली और कंट्रोल रूम का अवलोकन भी किया। इस मौके पर भी उन्होंने भाठागांव में ही दो पूराने जल शोधन संयंत्रों के उन्नयन के बाद इसे लोकार्पित किया। इन पूराने जल शोधन संयंत्रों की क्षमता बढ़ाई गई है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नवनिर्मित जल शोधन संयंत्र से राजधानी रायपुर को टैंकर मुक्त कर पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही पुराने शोधन यंत्रों के आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार से भी राजधानी टैंकर मुक्त हो सकेगी। भाठागांव में पहले से स्थापित 150 एमएलडी के फील्टर प्लांट में भी क्षमता बढ़ाने के लिए छह नये मोटर पंप लगाये गये है। इन नये मोटर पंपों से 1706 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा पानी देने वाले संयंत्र की क्षमता बढ़कर 2046 क्यूबिक मीटर प्रतिघंटा हो गई है। इसी तरह 80 एमएलडी के पुराने फील्टर प्लांट में भी छह नये मोटर स्थापित किए गए है। इस संयंत्र की क्षमता 954 से बढ़कर 995 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा हो गई है।

## अध्यक्ष पद बचाने दे रही रुपए का लालच : पार्षदगण

**छुरिया,27 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजनांदगाव जिले के खुज्जी विधानसाभ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत छूरिया के 11 पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद अब अपनी कुर्सी बचाने नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षदों को अपने पक्ष में मतदान करने प्रलोभन देने का आरोप पार्षदों ने लगाया है । स्थानीय रेस्ट हाऊस में कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद राधेश्याम ठाकुर, आप पार्टी के पार्षद सलमान खान, भाजपा से निष्कासित पार्षद श्रीमती सीमा सिन्हा, श्रीमती भारती रजक, श्रीमती त्रिवेणी कुम्भकार, भूषण नेताम, ने प्रेस वार्ता लेकर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि जब से 11 पार्षदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है तब से उन्हें प्रलोभन के साथ-साथ किसी मामले में फंसा देने की लगातार धमकी दी जा रही है एवं पार्षदों के घरों मे पहुंचकर उन्हें रात



भर परेशान किया जा रहा है । यहां तक कि कांग्रेस के एक पार्षद को पांच लाख रूपये, एक और पार्षद को तीन लाख रूपये का ऑफर भी दिया गया है । उनकी इन हरकतों से सभी 11 पार्षद डरे एवं सहमे हुए हैं । प्रेस वार्ता में न.पं.उपाध्यक्ष मनोज यादव एवं कांग्रेस पार्षद मुकेश कुंजाम के उपस्थित नहीं होने के चर्च खूब रहे पर कांग्रेस पार्षद राधेश्याम ठाकुर ने कहा कि उनके ऊपर बार-बार दबाव बनाया जा रहा है, फोन से लगातार धमकी दी जा रही है इसी वजह से उन्हें रणनीति के तहत बाहर भेजा गया है । लेकिन शाम होते इन लोगो को नगर मे देखना बताया जाता है ''सरकार की छवि हो रही खराब जिससे नगर अध्यक्ष को कोई सरोकार नही किरकीरी हो लेकिन कुर्सी बचे इस प्रयास मे अब भी प्रेस वार्ता में कांग्रेस नगर पंचायत अध्यक्ष पर कांग्रेस पार्षद राधेश्याम ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, चाहे राशन घोटाला हो या दुकान आबंटन का मामला, सीसी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, नगर में विकास कार्य नगण्य है, जैसे कई मामले हैं जिससे सरकार की छवि खराब हो रही थी । इसको लेकर हम कांग्रेस के तीन पार्षदों ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी को कई बार अवगत कराया है, लेकिन हमारी नहीं सुनी गई । इसलिए हम सभी पार्षद एकजुट होकर नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं आखिर समय पूर्व इनकी पीड़ा सगंठन द्वारा कियू नही समझा गया क्या जिम्मेदारो को अब भी इस ममाले मे हस्ताक्षेप दिखाई नही पडती %कलेक्टर से मिले पार्षद'' प्रेस वार्ता के बाद नगर पंचायत के पार्षद सलमान खान, भूषण नेताम, सीमा सिन्हा ने राजनांदगांव पहुंचकर जिला कलेक्टर डोमन सिंह से मिलकर अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद भी नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पीआईसी की बैठक नियम विरूद्ध किया जा रहा है जिसकी शिकायत भी दर्ज करायी गयी एवं जल्द ही अविश्वास प्रस्ताव की तारीख तय करने की मांग की गई ।

## मुख्यमंत्री से सवर्ण समाज के लिए सवर्ण आयोग के गठन की मांग

- **मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में अन्य सामाजिक संगठनों के साथ सवर्ण समाज की मांगों को गंभीरता से सुने**
- **पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में परशुराम की आदमकद मूर्ति की स्थापना की मांग**

**रायपुर (छत्तीसगढ़),27 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सवर्ण संघर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने कहा कि ''भूपेश है तो भरोसा है'' समुचय छत्तीसगढ़ में इस नारे की गूंज है। आज प्रदेश की जनता को विश्वास है कि जब तक भूपेश बघेल जी हमारे मुखिया हैं तब तक इस प्रदेश में खुशहाली की नई गाथा रोज लिखी जाएगी, इसी विश्वास के साथ सवर्ण समाज के प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कर





विभिन्न समाज के आयोग गठित जिस प्रकार किये गए हैं, उसी प्रकार सवर्ण समाज हेतु भी सवर्ण आयोग के गठन किये जाने की मांग की है एवं पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 में भगवान परशुराम जी की आदमकद मूर्ति की स्थापना कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा, साथ ही दक्षिण विधानसभा में केवल एक स्वामी आत्मानंद स्कूल है, चंगोराभाटा के शासकीय स्कूल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उन्नयन की भी मांग की एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा में दो सामाजिक संगठनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के तहत् सहायता राशि प्रदान करने की मांग उठाई है, जिसमें युवा पहल, रायपुर व ग्रास रूट सोसायटी, रायपुर संस्था शामिल है, जिसे मुख्यमंत्री जी भेंट मुलाकात में अन्य सामाजिक संगठनों के साथ सवर्ण समाज की मांगों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पूर्ण आश्वासन दिए हैं। मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ सवर्ण संघर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी के साथ मलय दीवान, आकाश शर्मा, विकास शुक्ला, मयंक तिवारी, सत्यम शुक्ला, सुयश शर्मा, दीपक चौबे, डोमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।




**पुणे में 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2023 तक संपन्न 6वे विश्व कप चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग की विजेता केन्या की टीम के साथ अन्तर्राष्ट्रीय खेल कमेंटेटर जसवंत क्लॉडियस.**

## पीएमश्री योजना में मोरकुटुम्ब स्कूल शामिल ग्रामीणों ने कलेक्टर का किया आभार

**छुरिया,27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना के लिए छुरिया विकासखंड के प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब का चयन हुआ है। इस योजना अंतर्गत स्कूल को माडल बनाया जायगा। सुविधाओं में विस्तार होगा। इस उपलब्धि से शाला परिवार व ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल है। आज ग्रामीणों ने अपने व्यक्तिगत जीवन से समय निकालकर बड़ी संख्या में महिला पुरुष कलेक्टर के द्वार पहुंचे। और कलेक्टर डोमन सिंह से आत्मीय मुलाकात कर अपने गांव के स्कूल को पीएमश्री योजना में शामिल किये जाने पर कलेक्टर का आभार जताया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि परमानंद कुंजाम, मयाराम साहू, ज्ञानसिंग सोरी, परसूराम मंडावी, हरदेव कतलाम, धनवाराम पड़ोटी, सुंदर मंडावी, चैनसिंग सोरी, जयसिंग सोरी, राजू कुंजाम, अनिता सोरी, कुलेश्वरी यादव, विशाखा साहू,गौरी बाई, कुवरिया बाई, कमलेश्वरी साहू, संतोषी बाई सहित अन्य ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## कुरुद विधानसभा में भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में पधार रहे मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनन्दन : भरत नाहर

**अंवरी ,27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** कुरूद विधानसभा में 28 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे7 भरत नाहर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आगमन हमारे कुरूद विधानसभा के ग्राम हंचलपुर, सेमरा बी एवं कुरूद आगमन पर हम सब उनका हार्दिक अभिनंदन करते हैं 7 आज छत्तीसगढ़ के नाम को विश्व में भारत के मानचित्र में स्थापित व प्रमुख रूप दिलाने वाले श्री भूपेश बघेल जी है भूपेश बघेल जी के कारण आज छत्तीसगढ़ का किसान मजदूर व्यापारी कर्मचारी सभी खुश है मैं खुद विधानसभा के किसानों के तरफ से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी पर भूपेश बघेल जी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री कुरूद विधानसभा के कार्य पर सदैव तत्पर है हमारी विधानसभा की तरफ से कुछ विकास कार्य हेतु निम्नलिखित मांगे हैं भखारा में अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद की स्कूल, भखारा में उप पंजीयक कार्यालय, कुरमातराई,कोर्रा,सिलौटी, एवं अरकार मार्ग चौड़ीकरण, भखारा से बोरझरा मार्ग,कोर्रा, सिर्री, एवं बड़ेकरेली में महाविद्यालय, भखारा में अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, भखारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में उन्नयन, देवरी कुर्रा बंजारी मार्ग चौड़ीकरण, भखारा हायर सेकेंडरी स्कूल में ऑडिटोरियम, भठेली भखारा साहू समाज भवन में शेड निर्माण, सेमरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्ले अंवरी से सेमरा तक नहर निर्माण, भठेली माइनर में सीसी लाइनिंग, कोर्रा में जिला सहकारी बैंक हेतु भवन, कुरूद में कन्या एवं विधि महाविद्यालय इसी प्रमुख मांगो से साथ भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में पधार रहे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री इन मांगों पर विचार करते हुए पूरा करेंगे।

## भेंट मुलाकात से जगी आश कुम्हारों की

**अंवरी,27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** 28 अप्रैल को कुरूद विधान सभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम प्रस्तावित है।जिसकी तैयारी में प्रशासनिक अमला दिन रात एक कर दिया है।हेलीपेड से लेकर मंच तैयार करने की कवायद जारी है।उल्लेखनीय है की कुरूद विधान सभा अंतर्गत भेंट मुलाकात कार्यक्रम सेमरा (बी) एवं हंचलपुर में 28 अप्रैल को प्रस्तावित है।इस दौरान सीएम भूपेश बघेल सीधे जनता की समस्याएं सुनकर उनकी त्वरित निदान कर फरियादियों की चेहरे में मुस्कान बिखरेंगे।मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम से कुम्हारों में उम्मीद जगी है।कुम्हार समाज हंचलपुर ने सरकार के योजना अनुरूप मिट्टी कार्य करने के लिए कुम्हारों दी जाने वाले जमीन के संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की बात कह रहे है।हंचलपुर में रहने वाले कुम्हार सुकालाल चक्रधारी ने बताया की उनका परिवार लगभग 35-40 वर्षो से यहां निवास कर रहा है।उनके पास खुद की जमीन नही होने के कारण उन्हें पुस्तैनी मिट्टी का कार्य करने में परेशानी होती है।

संपादकीय

## विचार से महात्मा,आजार से राजा

लोकतंत्र में नेता का जैसा विचार हौना चाहिए, वैसा ही आचार होना चाहिए। इसलिए नेता को अपने विचार सावधानी से व्यक्त करना चाहिए।उसकी कोशिश होनी चाहिए कि जैसा वह कह रहा है,वैसा करे भी। उसका कथनी व करनी में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। नेता जनता के लीडर होते हैं,वह आदर्श स्थापित करेंगे तो जनाता भी आदर्श स्थापित करने की कोशिश करेगी। नेता कहेगा कुछ और करेगा कुछ तो जनता ऐसे नेता पर कैसे अपना नेता मान सकती है। आजकल ज्यादातर नेता ऐसे ही होते हैं जिनके विचार तो अच्चे होते हैं लेकिन उनका आचार उनके विचार के अनुरूप नहीं होता है। वह जनता के सामने विचार महात्मा जैसे व्यक्त करते हैं लेकिन उनका आचार राजा जैसा होता है। अगर नेता महात्मा जैसा विचार जनता के सामने व्यक्त कर रहा है तो उसका आचरण भी महात्मा जैसा होना चाहिए।दिल्ली के सीएंम केजरीवाल ऐसे ही सीएम हैं, उनके विचार तो महात्मा के समान है,वह जनता के सामने खुद को महात्मा की तरह पेश करते हैं कि वह कहते रहते हैं कि वह राजनीति बदलने आए हैं,जनता की सेवा के लिए आए हैं, सत्ता का सुख भोगने के लिए नहीं आए हैं। जब तक सत्ता नहीं मिली थी, वह बातें तो बड़ी बड़ी करते थे, वह कहते थे कि वह बंगले में नहीं रहेंगे, वह कार का उपयोग नहीं करेंगे, उसके मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोल लगेगा तो वह इस्तीफा दे देगा। वह खुद कट्टर ईमानदार है तथा उनके मंत्री भी कट्टर ईमानदार हैं। दिल्ली व पंजाब की सत्ता मिलते ही धीरे धीरे यह साफ होने लगा कि अरविंद केजरीवाल जैसा कहते हैं, वैसा करते नही है, वह कहते कुछ हैं और करते तो उसके विपरीत हैं। वह भ्रष्टाचार के खिलाप चुनाव जीतकर आए तो दिल्ली व देश की जनता को उम्मीद थी कि कम से कम यह सरकार तो दूसरी सरकारों से ज्यादा ईमानदार होगी। इस सरकार मं तो दूसरी सरकारों की तरह सरकारी काम में भ्रष्टाचार नहीं होगा। अरविंद केजरीवाल हमेशा खुद को अपने मंत्रियों को कट्टर ईमानदार व दूसरे नेताओं को भ्रष्ट कहते थे। कुछ ही सालों में अरविंद केजरीवाल के मत्रियों के आचरण से साफ हो गया है कि यह भी देश के ज्यादातर राजनीतिक दलों की तरह हैं। जो सत्ता मिलने के बाद जनता को नादान समझ लेते हैं और जनता की सेवा करना छोड़कर पैसा कमान तथा सत्ता का सुख भोगने लग जाते हैं। दिल्ली सरकार के विभागों के भ्रष्टाचार एक के बाद एक सामने आने से यह तो साबित हो गया कि अरविंद केजरीवाल ने साधारण पेंट शर्ट पहनकर ईमानदार सीएम की छबि बना रहे थे, वह जनता को धोखा देने के लिए हैं। साधारण पेंट,शर्ट,चप्पल की आड में उन्होंने भ्रष्टाचार को जिस तरह बढ़ावा दिया है वह उन्हें दूसरे सीएम की तरह साबित करता है। उनकी सरकार के मंत्रियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से ही जनता का समझ में आ गया है कि अरविंद केजरीवाल तो दूसरे नेताओं के समान ही है। यह भी वैसा ही सत्ता लोभी, सत्ता भोगी है। सत्ता के लिए दूसरे नेता जिस तरह झूठ कहते हैं,बेईमानी करते हैं,यह भी करता है। यह जनता को फ्री बिजली, फ्री इलाज, फ्री शिक्षा देकर समझ रहा था कि इसने जनता को खरीद लिया है, जनता का फ्री में कुछ मिल रहा है तो उसे हक मिल गया है कि वह दूसरे दलों के नेताओं की पैसा कमाए, अपनी सुख सुविधाओं पर पैसा खर्च करें। अरविंद केजरीवाल के शीशमहल की सजावट में 45 करोड़ रुपए खर्च होने से साफ हो गया है कि यह खुद का महात्मा बताने वाला सीएम महात्मा नहीं हैं तो यह राजा है। अगर यह वाकई में महात्मा होता तो घर की सजावट पर कोरानो क समय लोगों की सुख सुविधा का ख्याल रखने की जगह घर की सजावट पर 45 करोड़ रुपए खर्च करने की सोच भी कैसे सकता। सीएम हाउस की सजावट पर कोरोना के समय 45 करोड़ रुपए खर्च करने से कौन केजरीवाल का महात्मा कहेगा। वह तो राजा हैं। उनका आचरण भी राजा के समान है वह जनता व देश से उम्मीद करते हैं कि उन्होंने जो कह दिया उसे सच माना जाए।

### ट्राई करें कलर्ड आई लाइनर, मिलेगा अट्रैक्टिव लुक

आई मेकअप हमारे मेकअप का जरूरी हिस्सा होता है। इसके बिना पार्टी लुक इमेजिन भी नहीं किया जा सकता है। काजल और आई शैडो के अलावा आई लाइनर भी काफी जरूरी होता है। मेकअप में भले ही आप आईशैडो को स्किप कर दें, लेकिन आई लाइनर हमारे आखों को अच्छा लुक देने का काम करता है। बताना ब्लैक आई लाइनर हर तरह के लुक के लिए परफेक्ट माना जाता है। अगर आप भी मेकअप ट्रेंड को फॉलो करती हैं तो कलर आई लाइनर का इस्तेमाल कर आप अपने लुक को ज्यादा अच्छा बना सकती हैं। कलर आई लाइनर इन दिनों मार्केट में काफी ट्रेंड में हैं। वहीं बॉलीवुड डीवॉज भी अपनी आंखों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए कलर आई लाइनर इस्तेमाल कर चुकी हैं। वहीं इन दिनों मार्केट में कई कलर आईलाइनर ऑप्शन में हैं। जिनको आप ट्राई कर सकती हैं। ऐसे में आप भी अपने पार्टी लुक के लिए मेकअप बॉक्स में इन 5 कलर्ड आईलाइनर स्टोर कर सकती हैं। आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए कलर्ड आईलाइनर आपको अट्रैक्टिव लुक देने के साथ खूबसूरत भी बनाएंगे। अगर आप भी पार्टी में कुछ डिफरेंट लुक पाना चाहते हैं तो आपको ब्लू कलर का आईलाइनर ट्राई करना चाहिए। ब्लू कलर के आईलाइनर में आपको कई तरह के शेड मिल जाएंगे। अगर आप पार्टी के लिए बोल्ड लुक चाहती हैं तो रॉयल ब्लू कलर आई लाइनर चुन सकती हैं। इसमें आप ग्लिटर और ब्लू दोनों कलर चुन सकते हैं। सुपर मैट आई लाइनर ट्रेडिशनल लुक पर काफी अच्छा लगेगा। वहीं वेस्टर्न लुक पर आप ग्लिटर ब्लू आई लाइनर अप्लाई कर सकती हैं। गोल्डन कलर का आई लाइनर सभी स्किन टोन पर अच्छा लगता है। एथनिक आउटफिट के साथ गोल्डन आई लाइनर रॉयल लुक देने का काम करता है। वेडिंग फंक्शन या फिर फेस्टिव सीजन में ब्राइड भी गोल्डन कलर ट्राई कर सकती हैं। हालांकि ब्रांडेड आई लाइनर से आपकी आखों को भी रॉयल लुक मिलेगा। क्योंकि कई बार लोकल प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से जो लुक हम चाहते हैं, वह नहीं मिल पाता है। पार्टी के लिए इसे ब्लैक आई लाइनर के साथ हाईलाइट करते हुए अप्लाई कर सकती हैं। सिल्वर कलर के आईलाइनर को पार्टी लुक के लिए अप्लाई किया जा सकता है। हालांकि इसको अप्लाई करने से पहले आउटफिट के साथ मैच करना जरूरी है। कई बार यह हर तरह के आउटफिट के साथ मैच नहीं करता है। वहीं अलग लुक पाने के लिए इसे सिंपल तरीके से इस्तेमाल किए जाने के बजाय डिफरेंट तरीके से इस्तेमाल करें।

# हिंदू राष्ट्र और राष्ट्रभाषा समय की मांग

चर्चित मुद्दा

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा राजनांदगांव**

भारतवर्ष को हिंदू राष्ट्र बनाने की मुहिम अब जोर पकड़ने लगी है । हिंदू और हिंदुस्तान दोनों के लिए यह जरूरी भी है कि हमारे देश को हिंदू राष्ट्र का दर्जा प्राप्त हो । जहां सर्वाधिक हिंदू निवास करते हो वहां हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा तो कहां बनेगा ? यह इतना आसान नहीं है , किंतु असंभव कहना भी हमारी कमजोरी हो सकती है । कठिन इसलिए कि जब हम हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को बल प्रदान करते हैं तो हमारा संविधान हमारे संकल्प के आड़े आता है ! हमारा संविधान जो सात दशकों से भी पुराना है और हजारों पृष्ठों में समाहित है । इसका एक भी पृष्ठ हिंदू राष्ट्र की बात नहीं करता है । वह एक अलग समय था जब हमने स्वतंत्रता के बाद संविधान की रचना की थी । समय के अनुसार लिखे गए कुछ अनुच्छेदों को हमने जरूरत के हिसाब अनेक बार संशोधित किया है । अब जब हिंदू राष्ट्र की प्रबल जरूरत वाली चिंगारी दिखाई पड़ने लगी है तो उसे दावानल में परिवर्तित करने हम अपने संविधान में हिंदू राष्ट्र जोड़ते हुए संशोधन क्यों नहीं कर सकते हैं ? कहा जाता है कि असंभव शब्द केवल मूर्खों के शब्दकोश में हुआ करता है । भारत वर्ष तो अपने शैशव काल से ही परम विद्वानों , संतो -महंतों से परिपूर्ण रहा है । तब हम इस असंभव शब्द में से ÷अ÷ को तिलांजलि देकर संभव को ताकत क्यों प्रदान नहीं कर सकते हैं ? मैं तो केवल हिंदू राष्ट्र का ही समर्थक नहीं हूं वरन मुझे तो मेरी मातृभाषा भी चाहिए । कारण यह की किसी भी व्यक्ति की पहचान उसकी भाषा से ही हो पाती है । तब हमें अपनी पहचान क्यों नहीं चाहिए ?

मैंने अपने थोड़े से अध्ययन के दौरान कहीं पर पढ़ा था कि हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक हमारा अपना परिचय देने के लिए हमने हिमालय का ÷ हि ÷ और इन्दु सरोवर के ÷ न्दू ÷ को अलग निकाल कर हिंदू शब्द को ग्रहण किया था । यह कोई नया नहीं है । हमारे देश के मनीषियों ने अपने आत्म गौरव के लिए हिंदू के साथ हिंदुस्तान की कल्पना की थी । हमारा देश धर्मनिरपेक्ष देश है । यहां अनेक जाति के लोग भाईचारे के साथ रहते हैं । हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि हम हिंदुस्तान में रहने वाले लोग हैं तो पहले हिंदुस्तानी ही हैं । बाद में हम अपनी जाति और बिरादरी को मानने वाले हैं । हमारे देश के उदारवादी लोगों ने स्वतंत्रता के उपरांत सभी के मान सम्मान का ध्यान रखते हुए इसे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की संज्ञा दी । आज भी हम उसी विचारधारा से सराबोर हैं । हमसे कट कर अलग बने पाकिस्तान में खुद मुसलमानों के लिए सम्मानजनक स्थान नहीं है । तुलनात्मक रूप में देखें तो आज पाकिस्तान से अधिक मुस्लिम हिंदुस्तान में निवासरत हैं । हमारे देश ने उन्हें बराबरी का दर्जा दिया हुआ है । भारतवर्ष हिंदू राष्ट्र घोषित होने के बाद भी अपनी सहजता को बरकरार रखने से पीछे नहीं हटेगा । कारण यह कि हमारी आत्मा में सभी के लिए प्रेम और स्नेह की नदियां बहा करती हैं । सवाल यह उठता है कि हिंदू राष्ट्र से परहेज किसे है ? जहां तक मैं समझता हूं जिस तरह हिंदू राष्ट्र भाषा को लेकर हमारे अपने भाई ही विरोध दर्ज कराते रहे हैं , उसी तरह हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना में भी उन्हीं की भूमिका सामने आ रही है !

हमारे अपने देश के इतिहास को उठाकर देखें तो मुगल शासको ने भी इस देश का नाम हिंदुस्तान ही रखा था । अंग्रेजों ने जब हमारे देश पर कब्जा किया तब उन्होंने इसे ÷ इंडिया ÷ बना दिया । हम 1947 में जब आजाद हुए तो सबसे पहले इस इंडिया शब्द से खुद को मुक्त कर लेना था, किंतु यह नहीं हुआ ! हमारा पड़ोसी देश लंका भी जब स्वतंत्र हुआ तब उसका नाम सिलोन था । यह तो सिलोन वासियों की प्रतिबद्धता थी कि उन्होंने आजाद होने के तुरंत बाद अंग्रेजों के दिए नाम सिलोन से भी आजादी पा ली , और अपने देश का नाम ÷ श्रीलंका ÷ रख गौरव प्राप्त किया । हमारे देश के कर्णधारों ने इसी तरह की प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई ? यदि ऐसा जानबूझकर किया गया है, तो यह किसी अपराध से कम नहीं है! यदि अनजाने में किया गया हो तो हम उसे भूल मान सकते हैं, जिसे सुधारा जा सकता है । अंतिम रूप से यदि हमने ऐसा अंग्रेजों के दबाव में किया है तो यह गुलामी है । इस गुलामी को हम खत्म करने की ताकत से लबरेज हैं । तो फिर इंडिया हटाकर हिंदुस्तान और फिर हिंदू राष्ट्र की घोषणा क्यों नहीं की जा सकती है ? पूरी दुनिया में ईसा को मानने वाले ईसाई, मोहम्मद पैगंबर को मानने वाले मुस्लिम , गुरु नानक जी को मानने वाले सिख के नाम से जाने जाते हैं । बड़े गर्व के साथ कहना पड़ता है कि हिंदू शब्द किसी संस्कृति मजहब या पंथ को स्वीकार करने के कारण नहीं रचा गया बल्कि भारत वर्ष की सरजमी में पैदा सभी विचार पद्धतियों का मजबूत नाम हिंदू है , जो किसी और देश के विशेषण के रूप में नहीं मिलता है । हमारे भारतवर्ष नेकभी किसी के धर्म अथवा पूजा पद्धति से द्वेष नहीं किया । बावजूद इसके हम खून का घूंट पी रहे होते हैं जब हमें सांप्रदायिक जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता है । राष्ट्रद्रोही लोग इसी शब्द के सहारे खूनी संघर्ष करते दिखाई पड़ते हैं । इन्हीं सारे विरोधाभासो के चलते अब जरूरत महसूस होने लगी है कि हिंदुस्तानियों की इस सरजमी को हिंदू राष्ट्र घोषित कर दिया जाए । जिस दिन हमारा राष्ट्र हिंदू राष्ट्र बन जाएगा यह , निश्चित है कि सांप्रदायिकता और राष्ट्रद्रोह जैसे चुभने वाले कटारों को हम नेस्तनाबूत कर देंगे । आज हमारे देश की स्थिति उस लंबी ट्रेन जैसी है जिसमें बैठे लोग आपस में बातें करते हुए यह कहते नहीं थकते कि- मैं मद्रासी , मैं बंगाली , मैं तमिल , मैं गुजराती , मैं कन्नड़ , मैं महाराष्ट्रीयन और मेरी भाषा तमिल , बांग्ला, गुजराती , कन्नड़ और न जाने क्या-क्या ? जब हमारा देश हिंदु राष्ट्र बन जाएगा तो अपनी पहचान हिंदुस्तानी और हिंदी भाषा के रूप में ही हो सकेगी । राष्ट्रभाषा और हिंदू राष्ट्र के नाम पर स्वार्थी तत्व भय फैलाने से पीछे नहीं रह रहे हैं । उन्हें हमें जवाब देने तैयार रहना होगा ।

हिंदू धर्म और हिंदू लोग हमेशा से सहिष्णु और उदार मना रहे हैं। आज भी हिंदू ÷अहिंसा परमो धर्मः÷ तथा ÷ जियो और जीने दो ÷ जैसे मूलमंत्रों के अनुयाई हैं । भारतवर्ष में बहुसंख्यक हिंदुओं ने कभी भी अल्पसंख्यकों को ऐसा अनुभव करने का मौका नहीं दिया कि वे उनके लिए खतरा हैं । हमारे देश में अल्पसंख्यकों और सभी धर्म को मानने वालों को उनके धर्म के अनुसार आचरण करने की स्वतंत्रता है । अब हमारा एक सर्वोच्च लक्ष्य हिंदू राष्ट्र के वैभव को जीवंत रखने का ही होना चाहिए । इसका दो लाभ होगा- एक तो हम सब धर्म के लोग मिलकर खुद को संपूर्ण विश्व में हिंदुस्तानी बताकर गौरव का अनुभव करेंगे और दूसरा अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी को विश्व पटल पर स्थापित कर सकेंगे ।

# पर्यावरण के प्रति मानवीय सजगता और अर्थतंत्र को मजबूत करने की कवायद

पर्यावरण चिंतन

**संजीव ठाकुर**



अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर है इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं। दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है। वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है। इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है। खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी हैद्य अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैद्य बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला हैद्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है। विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता हैद्य शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना हैद्य यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई हैद्य इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगाद्य टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगीद्य पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगाद्य इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं हैद्य पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगी। इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है। इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है। प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता है। यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगेद्य आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती हैद्य मनुष्य की स्पृहा, कामना और लालच के सामने प्रकृति भी निरुत्तर होती दिखाई दे रही है। प्रकृति के समर्पण में जो विसंगतियां और दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहे हैं उनमें जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, बढ़ते ओजोन छिद्र ,बढ़ता जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियर तथा बढ़ता समुद्री जल हम सबके लिए नई समस्याओं को जन्म देने का काम कर रहे हैंद्य आपको ऐसा नहीं लगता कि हमारे प्रकृति विरोधी कर्मों से हमारे जीवन का अस्तित्व ही खतरे में आने लगा है। इसी तरह के अनेक आसन में खतरों से निपटने के लिए आर्थिक विकास के नए मॉडलों को पर्यावरण के संतुलन के साथ जोड़ने का विकल्प हम सबके लिए एक जीवन उपयोगी मार्ग बनता नजर आ रहा है। प्रकृति के असंतुलन दोहन का सर्वोत्तम उदाहरण यूरोप के विकसित देश है जिनकी पर्यावरण असंतुलन के प्रति उदासीनता की भयावह कीमत विकासशील तथा समुद्री क्षेत्रों में सीमावर्ती तथा अल्प विकसित देशों को चुकानी पड़ रही हैद्य हमें वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को पर्यावरण संतुलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कारगर उपाय खोज कर संपूर्ण विश्व को ग्लोबल वार्मिंग और इसके गहरे परिणामों से सुरक्षित रखना होगा, विशेषकर उन अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को जिनकी जनसंख्या अग्रणी देशों में गिनी जाती है. पर्यावरण संतुलन तथा आर्थिक विकास के ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं है।

# बटकी म बासी अउ चुटकी म नून, मैं गात हंव ददरिया तैं कान देके सुन

श्रमिक दिवस पर विशेष

**सौरभ शर्मा**

भारत में खानपान को लेकर जो परंपराएं हैं उसमें हमेशा एक तत्व देखा गया है कि राज्यव्यवस्था हमेशा लोकजीवन के साथ उत्सवों में हिस्सा लेती थी। पुराने दौर में राजसूय यज्ञ होते थे जिसमें राजा स्वयं आम जनता के साथ ऐसे उत्सव में हिस्सा लेते थे। जब राजव्यवस्था स्थानीय संस्कृति का आदर करती है तो जनता का भी अपनी संस्कृति के प्रति गौरवबोध मजबूत होता है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पिछली बार अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के दिन सबसे बोरे बासी खाने का आग्रह किया। उनका यह संदेश बहुत लोकप्रिय हुआ और छत्तीसगढ़ से बाहर भी विदेशों में भी बसे छत्तीसगढ़िया परिवारों ने इस दिन बोरे-बासी खाकर हमारी समृद्ध खानपान परंपरा को भी जिया।

हिंदी के राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध कविता है कि जो भरा नहीं है भावों से, जिसमें बहती रसधार नहीं, वो हृदय नहीं वो पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। स्वदेश के प्रति प्रेम क्या है उसकी संस्कृति से अनुराग, भाषा से अनुराग और खानपान की परंपराओं से अनुराग। जब हम सैकड़ों बरसों से चली आ रही खाद्य परंपराओं को अपनाते हैं तो अपने पुरखों के संजोये धरोहरों को भी आगे बढ़ाते हैं। हमारे पुरखों ने बोरे बासी खाकर कड़े परिश्रम से इस धरती को उपजाऊ बनाया। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और धान का कटोरा यूँ ही नहीं भरता, लाखों मेहनतकश किसानों के तिल तिल कर मेहनत करने से यह कटोरा भरता है और समृद्ध होता है। यह मेहनत तब हो पाती है जब समय का सदुपयोग होता है। इसके लिए बोरे बासी सबसे आसान खाद्य पदार्थ है। रात के वक्त बचा चावल भीगा दो और सुबह तक बासी तैयार हो जाती है। रात को जो किण्वन की प्रक्रिया होती है उससे बासी में विशेष स्वाद आ जाता है। बासी का विटामिन सुबह तक रिचार्ज कर देता है। सदियों से यह छत्तीसगढ़िया लोगों के लिए तरोताजा करने वाला खाद्य पदार्थ रहा है।

बोरे और बासी श्रम का प्रतीक है। कर्क रेखा के क्षेत्र में पड़ने वाले हमारे प्रदेश में कड़ी धूप में श्रम के लिए मेहनतकश लोगों को तैयार करने में बोरे-बासी से विशेष मदद मिलती है। गोंदली अर्थात प्याज के साथ बोरे बासी का स्वाद शरीर को ताजगी प्रदान करता है और डिहाइड्रेशन के खतरे को कोसों दूर रखता है। छत्तीसगढ़ में प्याज को लेकर मान्यता भी है कि इससे लू नहीं लगती। माताएं अपने बच्चों को घर से निकलते वक्त उनके जेब में प्याज रखा देती हैं। इस तरह गोंदली और बोरे बासी का संयोग लू से लड़ने की ताकत देता है।

बोरे बासी हमारी परंपरा में इतना रचा बसा है कि लोक परंपराओं में कितने ही गीत इसे लेकर बनाये गये हैं। इनमें से सबसे प्रसिद्ध गीत है अजब विटामिन भरे हुए हैं छत्तीसगढ़ के बासी में। जब ददरिया सुनते हैं तो एक गीत आता है कि बटकी म बासी अउ चुटकी म नून, मैं गात हंव ददरिया तैं कान देके सुन। बोरे बासी की लोकप्रियता से ही इस खाद्य पदार्थ को इतनी जगह लोकसंस्कृति में मिल पाई है। दरअसल हमारा खानपान न केवल हमारी रुचि से जुड़ा होता है अपितु हम भावनात्मक रूप से भी इससे गहराई से जुड़े रहते हैं। जब छत्तीसगढ़ के किसी किसान परिवार का बेटा शहर में बसता है तो भी उसकी जड़ें गाँव में बनी रहती हैं। उसकी सुबह बासी के साथ होती है और दोपहर का नाश्ता बोरे के रूप में। यह केवल फूड हैबिट नहीं है अपितु भावनात्मक लगाव है।जब हम अपनी खानपान की परंपराओं को सहेजते हैं तो कहीं न कहीं हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजते हैं। किसी भी प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का बड़ी हिस्सा उसकी खानपान की परंपरा होती है। छत्तीसगढ़ में इसे सहेजने के लिए जो कदम उठाये गये हैं और जिस तरह से स्थानीय खानपान की परंपराओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उससे प्रदेश के ठोस सांस्कृतिक विकास की नींव पुख्ता हो गई है।

# षड्यंत्र और राजनीति का हिस्सा धर्म परिवर्तन

**डॉ प्रियंका सौरभ**

आस्था परिवर्तन हृदय का विषय है। आप राजनीतिक भाषा शैली और ऐसे प्रतीकों को अपनाकर किसी के अंतर्मन नहीं बदल सकते। गांधी जी इसी कारण धर्म परिवर्तन के विरुद्ध थे। उनका मानना था कि समाज सुधार के काम में धर्म परिवर्तन की भूमिका नहीं है। जाहिर है, धर्म परिवर्तन के पीछे दिए गए तर्कों को स्वीकार करना कठिन है। धर्म के अधिकार में धोखाधड़ी, धोखे, जबरदस्ती, लालच और अन्य तरीकों से अन्य लोगों को धर्मांतरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक आदेश में बाधा डालने के अलावा, धोखाधड़ी या प्रेरित धर्मांतरण अंतरात्मा की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करता है। इसलिए, बलपूर्वक धर्मांतरण को विनियमित/प्रतिबंधित करने के लिए राज्य अपनी शक्ति के भीतर अच्छी तरह से है। भारत में, कोई भी कानून यह प्रतिबंधित नहीं करता है कि कौन से धर्म एक दूसरे में परिवर्तित हो सकते हैं । भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 सभी नागरिकों को धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें अपना धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। हालाँकि, भारत में धर्म परिवर्तन के लिए कोई कानूनी बाधाएँ नहीं हैं, लेकिन सामाजिक बाधाएँ अक्सर होती हैं। स्वतंत्रता भारतीय संविधान में परिकल्पित मौलिक अधिकार है। धर्म की स्वतंत्रता उन अधिकारों में से एक है जिन पर मौलिक स्तंभ आधारित है। भारत में, धर्म जीवन के हर पहलू में एक भूमिका निभाते हैं लेकिन साथ ही धर्म व्यक्ति के लिए है। किसी भी धर्म को दिल और पेशे से चुनना किसी भी कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई भी धर्मांतरण विरोधी कानून अन्यथा ÷किसी भी धर्म को चुनने और मानने की स्वतंत्रता÷ के मूल सिद्धांत को कम कर देगा और संविधान की भावना के खिलाफ जाएगा। इसके अलावा, भारत जैसे देश में जहां धर्मनिरपेक्षता प्रस्तावना का एक तत्व है, वास्तव में जिस चीज की जरूरत है वह समाज के कमजोर और कमजोर वर्गों की रक्षा करना है, जिन्हें कभी-कभी अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर किया जाता है। कभी-कभी लोग अपनी खुशहाली बनाए रखने के लिए सामाजिक परिस्थितियों में अपना धर्म बदल लेते हैं और अगर इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो यह उन पर गंभीर प्रभाव डालेगा। ऐसे कानूनों की कई कानूनी विद्वानों ने तीखी आलोचना की है जिन्होंने तर्क दिया था कि %लव जिहाद% की अवधारणा का कोई संवैधानिक या कानूनी आधार नहीं था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 21 की ओर इशारा किया है जो व्यक्तियों को अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने के अधिकार की गारंटी देता है। साथ ही, अनुच्छेद 25 के तहत, विवेक की स्वतंत्रता, किसी भी धर्म का पालन न करने सहित अपनी पसंद के धर्म के अभ्यास और रूपांतरण की भी गारंटी है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई निर्णयों में यह माना है कि राज्य और अदालतों के पास जीवन साथी चुनने के वयस्क के पूर्ण अधिकार पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। लिली थॉमस और सरला मुद्गल दोनों ही मामलों में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की है कि बिना किसी प्रामाणिक विश्वास के और कुछ कानूनी लाभ प्राप्त करने के एकमात्र उद्देश्य के लिए किए गए धार्मिक रूपांतरण में दम नहीं है। सलामत अंसारी-प्रियंका खरवार इलाहाबाद उच्च न्यायालय 2020 का मामला- एक साथी चुनने या पसंद के व्यक्ति के साथ रहने का अधिकार नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) का हिस्सा था। मानव अधिकारों पर सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 18 में उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना विश्वास बदलने सहित धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार है। चूंकि यह एक राज्य का विषय है, इसलिए केंद्र अनुबंध खेती आदि पर मॉडल कानून जैसे मॉडल कानून बना सकता है। धर्मांतरण विरोधी कानून बनाते समय राज्यों को उस व्यक्ति के लिए कोई अस्पष्ट या अस्पष्ट प्रावधान नहीं रखना चाहिए जो अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करना चाहता है। धर्मांतरण विरोधी कानूनों में अल्पसंख्यक समुदाय संस्थानों द्वारा धर्मांतरण के लिए वैध कदमों का उल्लेख करने का प्रावधान भी शामिल करने की आवश्यकता है। कोई अपनी इच्छा से किसी दूसरे धर्म को अपनाए यह उसका विषय है लेकिन सामूहिक रूप से लोगों को भड़का कर धर्म परिवर्तन को आक्रामक रैली में परिणत करना भयावह दृश्य उत्पन्न करता है । इससे समाज और देश का केवल अहित ही होगा । कुल मिलाकर यह क्षोभ और चिंता का विषय है। धर्म मानव को कर्तव्यों के द्वारा मनुष्यता के उच्चतम शिखर पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है उसे इस तरह राजनीतिक शैली की रैलियां न बनाया जाए यही सबके हित में है। वैसे आर्य समाजी राम, कृष्ण को भगवान नहीं मानते लेकिन महापुरुष मानते हैं। हमारे इतिहास के अनुसार श्री राम इच्छ्वाकू वंश की 65 वीं पीढी थे और महात्मा बुद्ध 123 वीं पीढ़ी। इस नाते वंशावली से भी राम को अपना पूर्वज मानने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अश्वघोष ने महात्मा बुध की जीवनी लिखी है और उसमें वंशावली मिल गई तो फिर इसको अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं। आखिर अश्वघोष बौद्ध मुनि थे। लोगों को जबरन धर्मांतरण, प्रलोभन या लालच आदि के प्रावधानों और तरीकों के बारे में भी शिक्षित करने की आवश्यकता है। जबरन धर्मांतरण की सजा को पहले के 10 साल से घटाकर एक से पांच साल कर दिया गया। धर्म परिवर्तन से जुड़ा विवाह अवैध है । यदि धर्मांतरण में नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य शामिल है, तो कारावास दो से सात साल है।

## एक नजर

### भंवरपुर, पिरदा और नगर पंचायत तुमगांव को मिला उपतहसील का दर्जा

**महासमुंद।** प्रशासनिक कसावट एवं कार्य सुविधा की दृष्टि से जनहित में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 13 की उपधारा (2) द्वारा राज्य सरकार को प्रदत्त शक्तियों के अनुमोदन की प्रत्याशा में ज़िले के अंतर्गत ग्राम भंवरपुर तहसील बसना व ग्राम पिरदा तहसील पिथौरा एवं नगर पंचायत तुमगांव ज़िला महासमुंद को नवीन उपतहसील सृजित किया गया है। जिससे प्रशासनिक कार्यों में कसावट आएगी तथा दूरदराज से आने वाले जरूरतमंद लोगों को समय अवधि में प्रकरण का निराकरण हो पाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने जिले में भेंट-मुलाक़ात के दौरान उप तहसील बनाने की घोषणा की थी। कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर ने सरकारी कामकाज के सुचारू संपादन के लिए नायब तहसीलदार बसना श्रद्धा सिंह को उप तहसील भंवरपुर, नायब तहसीलदार पिथौरा देवेंद्र नेताम को उप तहसील पिरदा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### चंदन जात्रा एवम बड़ादेव महापूजन कार्यक्रम का आयोजन 30 अप्रैल को



**राजिम,27 अप्रैल।** चंदन जात्रा एवम बड़ादेव महापुजन का 2023का आयोजन बदादेव मंदिर चिचिया मे प्रतिवर्ष की भाती इस बार भी रखा गया है जिसमे समाज के लोगों के अलावा मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम का भी आना होगा जिसके लिए आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के कार्यालय में पहुंच कर 30अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम के प्रदेष कार्यकारणी सदस्य शीला ठाकुर के नेतृत्व मे समाज के सदस्यों के साथ विधिवत निमंत्रण देने पहुंचे थे। सदस्यों में लम्बोदर ध्रुव अध्यक्ष ध्रुव समाज देवभोग, बैदनाथ जगत, तुलाराम मरकाम, राकेश नेताम सहित समाज के प्रतिनिधिमंडल उपस्थित थे।

## डेढ माह से सचिवों की हड़ताल के कारण पंचायतों के काम ठप

# मांग पूरी नहीं हुई तो सचिव संघ अब क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 27 अप्रैल।** लगभग डेढ माह से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर हडताल पर बैठे सचिवो ने अब पंडाल के नीचे भूख हडताल शुरू कर दी है। पिछले चार दिनो से भूख हडताल करने का दौर शुरू है। आज इस ऋम को आगे बढाते हुये सचिव संघ की नौ महिलाओ ने भूख हडताल मे अपनी हिस्सेदारी निभायी। सचिव संघ की कार्यकारिणी अध्यक्ष बरतबाई के साथ जगनी सारथी,माधुरी महेश्वरी,शशिकला सिंह, पार्वती यादव,मीरा यादव,पदमा यादव,नीलकुसुम एक्का,लीलावती भगत ने आज भूख हडताल मे अपनी हिस्सेदारी निभाकर सचिवो की मांग को गंभीरता के साथ शासन को पूरी करने की मांग फिर से दोहरायी। भूख हडताल मे बैठी महिलाओ का कहना था कि शासन सचिवो की मांग के प्रति अब तक कोई गंभीरता नही दिखा पाया है। लगभग 45 दिनो से हडताल पर बैठे रहने के बाद भी शासन ने कोई उचित कदम नही उठाया,जिससे सचिवो के प्रति शासन का गैर जिम्मेदाराना रवैया जाहिर हो रहा है। सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष अरूण साह,सरंक्षक रामदुलार पटेल,सचिव संदीप राज ने कहा कि सचिवो के हडताल पर चले जाने से राजीव गांधी पंचायती राज के काम पूरी तरह प्रभावित हो चुके है। राज्य मे कांग्रेस की सत्ता रहने के बाद भी अपने दिवंगत नेता की योजनाओ को बचाने मे कांग्रेस विफल नजर आ रही है। उनका कहना था कि पंचायती राज के कामो मे सचिव अपनी अहम भूमिका निभाते है,परंतु सचिवो की हडताल से समस्त शासकीय योजनायें पंचायतो मे आकर फ्लाप हो रही है,परंतु उसके बाद भी राज्य की सत्ता मे बैठी कांग्रेस की सरकार सचिवो की मांग पर ध्यानाकर्षण नही कर रही। उन्होने सामान्य हडताल के बाद भूख हडताल एवं आगे आंदोलन की रूपरेखा को कठोर करने की बात कही। जनपद के समक्ष हडताल पर बैठे सचिव संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी शासकीयकरण की मांग को दोहराते हुये शासन के प्रति क्रोधित नजर आये।।

## कड़ी मशक्कत के बाद भाजपाइयों ने दुकानों के गिरवाये शटर




### दो घंटे भी ठीक से बंद नही रहा बाजार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 27 अप्रैल।** संत गहिरा गुरू के पुत्र एवं जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी के साथ बगीचा एस.डी.ओ.पी शेर बहादुर द्वारा की गयी मारपीट एवं अभद्रता को लेकर भाजपाईयों ने आज शहर बंद का एलान किया था। दिन बुधवार की शाम से ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवको द्वारा शहर बंद रखने का एलान कर रहे थे,परंतु व्यापारियों ने भाजयुमो के एलान को एक सिरे से खारिज कर दिया। सामान्य दिनो की भांति ही शहर का व्यापार दौडता रहा। आज सुबह भाजयुमो के एलान का शहर के व्यवसाय पर कोई खासा असर दिखायी नही दिया। सुबह 9 बजे के करीब भाजपाई दल बनाकर शहर की दुकानो को बंद कराते दिखायी दिये,परंतु उनके आगे बढते ही दुकानो के शटर दोबारा खोल दिये जा रहे थे,सुबह 9 बजे बंद



करायी गयी दुकाने 11 बजते तक पूरी तरह खुल चुकी थी,इस कारण बंद का शहर मे कोई खासा असर देखने को नही मिला,जिसे देखकर कांग्रेसियों ने भी इस मामले मे अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के मंत्री अमरजीत भगत के प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि भाजपा हमेंशा धर्म को मुददा बनाकर राजनीति करती आयी है,परंतु अब उनकी राजनीति के पैतरे को जनता भलीभांति समझ गयी है। उनका कहना था कि जिला पंचायत सदस्य के साथ हुयी अभद्रता के मामले मे पुलिस प्रशासन ने एस.डी.ओ.पी पर लाईन अटैच की कार्यवाही कर दी है,वही उनके दो सहायको को भी निलंबित किया गया है। उसके बाद भी भाजपा धर्म गुरू की आड मे अपनी राजनीति करने से पीछे नही रही। उनका कहना था कि भाजपा की राजनीति सिर्फ धर्म को मुददा बनाने तक ही सिमट कर रह गयी है,यही कारण है कि अब जनता इनके फैसलो को एक सिरे से खारिज करने लगी है,जिसका उदाहरण आज पत्थलगांव मे बंद के एलान के दौरान देखने को मिला। उनका कहना था कि धर्म के आड मे भाजपा को अब राजनीति करना छोड देना चाहिये।।

### जीपीएफ त्रुटि संबंधी समस्याओं का कर्मचारी करा सकते है निराकरण

**महासमुंद, 27 अप्रैल।** सरकारी अधिकारी-कर्मचारी के सामान्य भविष्य निधि खातों में त्रुटियों के निराकरण एवं संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय में आगामी 1 मई से 4 मई तक चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी टीपी वर्मा ने बताया कि महालेखाकार कार्यालय के कर्मचारी शिविर में रहकर जीपीएफ त्रुटि संबंधी समस्याओं का निराकरण करेंगे। यह चार दिवसीय शिविर पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित होगा।वर्मा ने जिले के कर्मचारियों से अपील की है कि यदि किसी कर्मचारी के सामान्य भविष्य निधि खाते में किसी प्रकार की कोई त्रुटि है तो वे त्रुटि सुधार के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होकर निराकरण करवा सकते हैं।

## पुरानी पेंशन योजना लेने अथवा एनपीएस में बने रहने विकल्प चयन का एक और मौका

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 01 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2022 में मध्य नियुक्त शासकीय सेवकों के लिये पुरानी पेंशन योजना का लेने अथवा एनपीएस में यथावत् बने रहने के विकल्प का प्रावधान प्रस्तुत करने के लिए 5 मार्च 2023 समय सीमा निर्धारित की गयी थी। जिसे बढ़ा कर 8 मई 2023 किया गया है।कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ज़िले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, कार्यालय प्रमुख उक्त शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही निर्धारित तिथि के भीतर किए जाने के निर्देश दिए है। जिला कोषालय अधिकारी टीपी वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार उक्त निर्धारित समय-सीमा में शासकीय सेवक द्वारा पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस का चयन का विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो भविष्य किसी प्रकार विकल्प चयन का अवसर नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार निर्धारित तिथि तक विकल्प प्रस्तुत नहीं करने वाले शासकीय सेवकों द्वारा स्वयमेव एनपीएस सहमति मान्य करते हुए आगामी कार्रवाई की जाएगी। कोषालय अधिकारी वर्मा ने जानकारी दी कि इस योजना में ज़िले में 11, 189 अधिकारी-कर्मचारी है। जिसमें से 10, 837 कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन का विकल्प दिया। वही 105 कर्मचारियों ने एन.पी.एस. का चयन किया। 247 कर्मचारियों ने कोई विकल्प का चयन नहीं किया गया। उनके लिए से शासन की और से एक मौक़ा विकल्प चयन का दिया गया है।

## कॉलेज में वल्लभाचार्य जयंती पर हुई परिचर्चा



**महासमुंद,27 अप्रैल।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. (डा) अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट)के मार्गदर्शन में साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, हिंदी विभाग व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मार्गदर्शन में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रभु वल्लभाचार्य के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। परिचर्चा में डॉ रीता पांडे कला संकाय प्रमुख, डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति डॉ नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सरस्वती सेठ सहा प्राध्यापक रसायन एवं हिंदी व इतिहास विभाग के एमए द्वितीय सेमेस्टर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।प्राचार्य डॉ.अग्रवाल ने महाप्रभु वल्लभाचार्य के योगदान और माधुर्य दृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि गुरु ही प्राप्ति से जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। महाप्रभु के जन्मस्थली चम्पारन में कन कन में ईश्वर का मधुर आभास होता है। डा मालती तिवारी ने महाप्रभु के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। डा नीलम अग्रवाल ने महाप्रभु के कृष्ण प्रेम पर चर्चा की। राजेश्वरी सोनी ने कहा कि हमें महाप्रभु के दर्शन से सीखना चाहिए। बोधिता निषाद एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य दवारा रचित अधरम मधुरम् एवं जीवन चरित्र पर सुंदर कविता प्रस्तुत की गई। मनोहर सोनवानी एमए इतिहास के छात्र द्वारा कहानी के माध्यम से वल्लभाचार्य और सूरदास के मिलन को विस्तार से समझाया गया। कल्यानी तान्डी एमए हिंदी की छात्रा ने महाप्रभु के शिष्यों की जानकारी दी। शांति महिलान्ग एमए हिंदी गोवर्धन पर्वत पर वल्लभाचार्य और कृष्ण की भेंट पर चर्चा की। दुर्गेश्वरी एमए हिन्दी ने वल्लभाचार्य के जन्म वृतांत का वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यिक सांस्कृतिक समिति के संयोजक सीमारानी प्रधान ने किया। डॉ. रीता पान्डे कला संकाय प्रमुख द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## अधिकारी शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को समय पर पूरा करें:कलेक्टर

महासमुंद। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ज़िला राजस्व के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि, इनका लाभ लक्षित वर्गों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन कर लक्ष्य समय पर पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा समय-सीमा के भीतर आवेदकों को जाति, आय और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करें व राजस्व वादों को अतिशीघ्र निस्तारित करें।कलेक्टर क्षीरसागर ने बैठक में कहा कि शासन की



योजनाओं से पात्र हितग्राही लाभान्वित हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेमौसम हुए बारिश से फसल क्षति का आकलन करते हुए राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मुआवजा के प्रकरण तैयार करें। इसके लिए आवश्यक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित आम ग्रामीणों से जुड़े राजस्व प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। नगरीय क्षेत्र में नजूल पट्टे की शासकीय भूमि का इच्छुक पात्र हितग्राहियों को गाइड लाइन अनुसार मालिकाना हक़ देने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अन्य कार्यों के साथ अपने मूल काम पर भी विशेष ध्यान दें। कलेक्टर क्षीरसागर ने ज़िले में अविवादित/विवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों की सुनवाई करते हुए प्रकरण निपटाने के निर्देश दिए। ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय न आना पड़े। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा ज़िले में भेंट-मुलाक़ात के दौरान की गयी घोषणाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी भी ली। सभी एसडीएम को सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक के माध्यम से उनसे जमीन संबंधी मांग की जानकारी लेकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने कहा है। उन्होंने कहा कि अनुविभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि जिन मतदान केंद्रों में रैंप, विद्युत, पानी, शौचालय जैसे बुनियादी सुविधाएं नही है वहां इन सुविधाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सर्वश्री उमेश साहू, श्रवण कुमार टंडन, बागबाहरा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, नेहा भेड़िया, मिषा कोसले बैठक में मौजूद थे। ज़िले के अन्य एसडीएम हेमंत रमेश नंदनवार, सरायपाली एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौजूद थे।

### कम राजस्व वसूली वाले नगरीय निकायों पर जिलाधीश ने नाराजगी व्यक्त की

**गरियाबंद।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए नगरीय निकायों का कायाकल्प करने और दशा सुधारने में अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य और उनके अनुरूप लक्ष्य पूर्ति की जानकारी ली। बेरोजगारी भत्ता योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत प्राप्त एक-एक आवेदन का बारीकी से सत्यापन करें। यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है।

## पात्र व्यक्ति को काबिज जमीन का भूस्वामी अधिकार पत्र प्रदान किया जाए:मलिक

■ राजस्व प्रकरणों में त्रुटि वाले गांव में पहले शिविर आयोजित किया जाए

**गरियाबंद,27 अप्रैल।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज यहाँ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शासन की योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और राजस्व कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जो पात्र व्यक्ति जिस जमीन पर क़ाबिज़ है, उसे भूस्वामी अधिकार पत्र दिया जाए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को महत्वपूर्ण और संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता से काम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर लगाने कहा। ख़ास कर उन गावों में जहां



राजस्व प्रकरणों में त्रुटि है वहाँ पहले आयोजित किए जाए।

कलेक्टर श्री मलिक ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि इसका लाभ लक्षित वर्गों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप राजस्व विभाग के योजनाओं का क्रियान्वयन कर लक्ष्य समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं से पात्र हितग्राहीं लाभान्वित हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वन अधिकार पत्र, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित आम ग्रामीणों से जुड़े राजस्व प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। नगरीय क्षेत्र में नजूल पट्टे की शासकीय भूमि का इच्छुक पात्र हितग्राहियों को गाइड लाइन अनुसार मालिकाना हक़ देने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अन्य कार्यों के साथ अपने मूल काम पर भी विशेष ध्यान दें।बैठक में उन्होंने निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा राजस्व विभाग के लोक सेवा गारंटी योजना के तहत् जिन हितग्राहियों ने किसी कार्य के लिए आवेदन किए है, ऐसे आवेदनों या प्रकरणों को निर्धारित समय पर निराकृत करें। राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत् पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने डिजीटल हस्ताक्षरित खसरों के सत्यापन, राजस्व अभिलेखों में आधार सीडिंग, मोबाईल नम्बर व जेंडर प्रविष्टि की प्रगति, आबंटन, नियमितीकरण, आबादी नजूल पट्टों की भूमि को फ्री होल्ड, नए आबादी पट्टों का वितरण, रिकार्ड दुरुस्तीकरण, स्लम पट्टो का नवीनीकरण, नियमितीकरण एवं नवीन स्लम पट्टों को वितरण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सर्व एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप


### किसान मेला जिला स्तरीय उद्यानिकी प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी पामलवाया उद्यान में आयोजित




**बीजापुर 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर मुख्यालय से नजदीक स्थित पामलवाया उद्यान में एक दिवसीय किसान मेला एवं जिला स्तरीय उद्यानिकी प्रदर्शनी सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान मेला एवं संगोष्ठी कार्यक्रम के उद्देश्य उपयोगिता एवं महत्व के बारे में डिप्टी कलेक्टर श्री विकास सर्वे एवं प्रभारी उद्यान अधीक्षक (भैरमगढ़) श्री रमेश तारम ने विस्तार से बताया। इस संगोष्ठी एवं किसान मेला में सुदूर क्षेत्रों सहित जिले भर के सैकड़ो किसान शामिल हुऐ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है। कृषि में उन्नत तकनीक और विभागीय मार्गदर्शन से जिले के किसान आत्मनिर्भर हो रहे है। श्री शंकर कुड़ियम ने किसानों को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेकर कृषि क्षेत्र को बढ़ाने, आजिविकामूलक गतिविधियों के माध्यम से धान के अलावा साग-सब्जी, उद्यानिकी फसले, रागी, कोदो कुटकी सहित अन्य फसलों का उत्पादन करने एवं कृषि के साथ-साथ मछली पालन के लिए प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन द्वारा मछली बीज उत्पादन हेतु निर्माण फिश हेचरी से मछली बीज सस्ते दरों पर प्राप्त करने की समझाइस दी। वहीं विभागीय अधिकारियों को कृषि को बढ़ावा देने किसानों का आवश्यक मार्गदर्शन करने को कहा ।इस कार्यक्रम में किसानों ने अपनी आजिविका बढ़ाने उन्नत कृषि के बारे में विभागीय अधिकारियों से संवाद स्थापित कर विभिन्न योजनाओं से जुड़ी जानकारियां ली। वहीं कृषि उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन सहित कृषि आनुषंगिक विभागों के विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं को सरल शब्दों में किसानों को अवगत कराया ।सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने मनरेगा से डबरी, तालाब का निर्माण कर मछली पालन के साथ-साथ सिंचाई के स्त्रोत बढ़ाने की बात कही। वहीं सामुदायिक तार फेसिंग, भूमि समतलीकरण, मनरेगा अर्न्तगत खाते से भुगतान के संबंध भ्रांतियों को दूर किया। एवं बैंक सखी के माध्यम से घर पहुंच बैंक सुविधा की जानकारी दी। उप संचालक कृषि श्री पीएस कुसरे ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की विस्तृत जानकारी साझा कर किसानों की जिज्ञासा को शांत किया एवं कृषि यंत्रों में अनुदान एवं ऑनलाईन प्रक्रिया से कृषि यंत्र प्राप्त करने के बारें में विस्तार से बताया। रागी, कोदो जैसे लघु धान्य फसलों की उपयोगिता एवं उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी। इसी तरह मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री मंगीलाल बकोदिया एवं उप संचालक पशुधन विकास श्री राजपूत द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए किसानों को प्रेरित किया। इस अवसर पर आवापल्ली के किसान श्री महेश ककेम ने मत्स्य पालन हेतु तालाब की मांग करने पर सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने मत्स्य निरीक्षक श्री दामोदर यालम को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष बीजापुर श्रीमती बोधी ताती ने किसानों को संबोधित करते हुए कृषि को बढ़ावा देने आगे आने को कहा। वहीं महिला कृषकों को प्रोत्साहित कर सभी योजनाओं का लाभ लेने की समझाइस दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती सोनम कोरसा, प्रभारी उद्यान अधिकारी श्री सुकालू कचलाम, श्री रमेश मरकाम सहित अधिकारी कर्मचारी एवं किसान मौजूद थे।

### वाटर एटीएम से मिलने लगा शीतल एवं शुद्ध पेयजल

**बीजापुर 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन पर इन्द्रावती टाईगर रिजर्व कार्यालय के समीप स्थित वाटर एटीएम मशीन को तत्काल मरम्मत कराया गया। मशीन के ठीक होने के बाद अब राहगीरों एवं आस-पास के दुकानदारों, ग्राहकों को नि:शुल्क शुद्ध एवं शीतल जल पीने को मिल रहा है। वाटर एटीएम मशीन गर्मी के दिनों में रोज सैकड़ों लोगो की प्यास बुझा रही है। इसी तरह बीजापुर मुख्यालय में गर्मी के मौसम शुरू होते ही मार्च महीने में सार्वजनिक जगहों पर वाटर कूलर स्थापित किया गया है। जिसमें नया बस स्टैंड, सी-मार्ट, व्यवहार न्यायालय बीजापुर, फारेस्ट सी-मार्ट, कलेक्टर परिसर एवं जिला अस्पताल में स्थापित वाटर कूलर से लोगों की प्यास बुझा रही है। सीएमओ नगरपालिका बीजापुर श्री बीएल नुरेटी ने बताया कि अभी कुछ और सार्वजनिक जगहों पर प्याऊ घर शुरू की जाएगी। जिससे लोगों को पीने का पानी आसानी से मिल सके।



### बीजापुर कैरियर एकेडमी में एडमिशन शुरू

**बीजापुर 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के युवाओं को कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिंग एवं रेल्वे भर्ती बोर्ड, द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जिले में बीजापुर कैरियर एकेडमी की स्थापना की गई है। वहीं कोचिंग क्लास 01 मई 2023 से नया बैच प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय कैरियर एकेडमी बीजापुर नवोदय विद्यालय के आगे जैतालूर रोड बीजापुर में सम्पर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9425579793, 6261258889, 7999693304, 6260601846, 9723196563, 9399702155 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### विधवा पेंशन,राशन कार्ड,पेंशन स्वीकृत जैसी मांग जन चौपाल में की गई

**गरियाबंद,27 अप्रैल।** जिला कार्यालय गरियाबंद में आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 59 लोगों ने अपनी समस्याओं संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी लोगों की समस्याएं को सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार आवेदकों के समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये ।जनचौपाल में ग्राम पंचायत तुहामेटा के किसानों ने भूमि सुधार कार्य हेतु राशि स्वीकृत करने, ग्राम आसरा के यादराम ध्रुव ने ऋण पुस्तिका में नाम त्रुटि सुधार करवाने, फुलकर्रा के हरिराम ने नक्शा में त्रुटि सुधार करने, ग्राम बेंदकुरा की दुर्पती यादव ने राशन कार्ड प्रदाय करने, ग्राम पंचायत पसौद में गली नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने, सरगी नाला व गौरा सरार पर पुलिया निर्माण व गौठान में वर्मी खाद बनाने हेतु टाका निर्माण, ग्राम देवरी की गोमती बाई ने पेंशन स्वीकृति, ग्राम फुलझर के डीहू राम साहू, सोमन राम एवं ग्राम केशोडार के जागेश्वर ध्रुव ने राजस्व भूमि का पट्टा प्रदान करने, ग्राम तेंदूबाय की चमारिन बाई ने विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, शाला प्रबंधन समिति द्वारा गरियाबंद डाकबंगला स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में अहाता निर्माण कराने, ग्राम मजरकट्टा के बालगोविंद देवांगन व ग्राम गनियारी के झंगलुराम निर्मलकर ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने, ग्राम केशोडार की सुकारो ने नया राशन कार्ड बनाने, ग्राम पोटिया के विष्णुराम साहू ने क्षतिपूति राशि दिलाने, ग्राम मुरमुरा की मीलाबाई साहू व ओमप्रकाश ने पशु शेड निर्माण जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किया। जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्तिथ थे

**एक नजर**

## एफएम रेडियो दल्ली राजहरा का उद्घाटन 28 को पीएम करेंगे





**दल्लीराजहरा, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने बताया की दिनांक 28 अप्रैल शुक्रवार को एफएम रेडियो प्रेषण केंद्र का दल्ली राजहरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल उद्घाटन होगा। उन्होंने आगे बताया कि जनहित के मुद्दों को लेकर कांकेर सांसद मोहन मंडावी द्वारा किए जा रहे कार्यों में एक कड़ी क्षेत्र वासियों के लिए रेडियो एफएम प्रेषण केंद्र के रूप में जुड़ गया सांसद मोहन मंडावी के निरंतर प्रयास एवं जनकल्याणकारी मुद्दों को लेकर किए जा रहे कार्यों को क्षेत्र में देखा जा रहा है। दल्लीराजहरा में एफएम रेडियो प्रेषण केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन 28 अप्रेल शुक्रवार को समय 11 बजे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करेंगे। राकेश द्विवेदी ने सप्तगिरी पार्क के पास आकाशवाणी दल्लीराजहरा में इस अवसर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील कि है। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद मोहन मंडावी तथा सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कनफाड़ में अंगना मा शिक्षा 3.0 आयोजित



**छुरा, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संकुल केन्द्र मुढीपानी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कनफाड़ -1 में पढ़ाई तिहार अंगना मा शिक्षा 3.0 का आयोजन किया गया। जिसमें एक्टिव मदर कम्युनिटी के सदस्य, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शाला में अध्ययनरत माताएं सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आगामी शिक्षा सत्र के नवप्रवेशी बच्चों के माताओं को खेल खेल में शिक्षा के बारे में शाला की शिक्षिका नीतू कुंजाम के द्वारा बताया गया घरेलू सामग्री के सहयोग से माताएं अपने बच्चों को किस प्रकार शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ सकती है इसके बारे में गतिविधि के माध्यम से जानकारी दी गई कार्यक्रम को शिक्षक रीझे यादव ने संबोधित किया और माताओं को अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया इस अवसर पर गौरसिंह नेताम, किशुन लाल नेताम, लखन नेताम, भानोबाई मरकाम, राम्हिन बाई, सरस्वती बाई, फूलोबाई, खिरमती बाई, प्रमिला बाई, सुवादी बाई एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पत्नी से झगड़ा कर घर को आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थीया मोहन मती पति राम प्रसाद चतुर्वेदी उम्र 45 साल ग्राम जामडीह ने 24 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19 अप्रैल के रात को इसका पति राम प्रसाद चतुर्वेदी शराब पीकर घर आया और इसके साथ अश्लील गाली गलौज पर मारपीट किया एवं दौड़ाने लगा तब यह डर से अपनी जान बचाकर गांव में छिप गई रात्रि करीबन 12:00 बजे इसका पति घर को आग लगा दिया जिससे घर के अंदर बाहर रखें समान 5 कट्टा धान 10 बोरी, पंखा, साइकल, चूल्हा सिलेंडर कपड़ा बर्तन घर का छज्जा में लगे काड़ बांस बल्ली जुमला कीमती 200000 का सामान जलकर उपयोग लायक नहीं है की रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 324, 435, 436 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पता तलाश में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पता तलाश की जा रही थी मुखबिर सूचना पर आज आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर पकड़ा गया जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया।

# कलेक्टर के हाथों डोंगरगढ़ शिक्षा विभाग के कर्मचारी हुए सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल।** शासकीय विद्यालयों में अध्ययन/अध्यापन को डिजीटलाइजेशन एवं रूचिकर बनाने के उद्देश्य से राजनांदगांव जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में जनसहयोग से स्मार्ट टीवी की उपलब्धता हेतु अनुकरणीय पहल कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह के समक्ष एक लक्ष्य के रूप में रखा गया। और पूरा राजनांदगांव जिले का शिक्षा अमला इसे एक मिशन के रूप में स्वीकार करते हुए इस मिशन को पूरा करने हेतु विद्यालय के शिक्षक से लेकर संकुल समन्वयक, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक से लेकर जिला स्त्रोत समन्वयक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तन मन धन, लगनशीलता एवं समर्पित भावना से कार्य करते हुए कुछ ही दिनों में इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता अर्जित कर लिया जिसके फलस्वरूप आज पूरे राजनांदगांव जिले के समस्त विद्यालयों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी जिला राजनांदगांव के रूप में उभर कर सामने आया है। जो पूरे राजनांदगांव जिले के शिक्षा महकमे के लिए गौरवान्वित होने का विषय है।

इसी तारतम्य में आज 25 अप्रैल 2023 को इस असंभव कार्य को संभव करने वाले डोंगरगढ़ विकास खंड के विकास खंड शिक्षा अधिकारी एफआर.कोसरिया, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र कौर मांगट विकास खंड स्त्रोत समन्वयक महेन्द्र श्रीवास्तव साथ ही इस मिशन में महती भूमिका निभाने वाले डोंगरगढ़ विकास खंड के समस्त उर्जावान संकुल समन्वयकों को कलेक्टर डोमन सिंह जी के कर कमलों से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया जो डोंगरगढ़ शिक्षा विभाग के लिए बहुत ही गौरव का विषय है इस हेतु डोंगरगढ़ विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संकुल समन्वयकों द्वारा सम्माननीय कलेक्टर एवं सम्माननीय जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ज्ञात हो कि वर्तमान में स्मार्ट टीवी का शैक्षिक उपयोग जिला समग्र शिक्षा कार्यालय राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त शैक्षिक सामग्री जिसमें पूरा पाठ्यक्रम समाहित है। के माध्यम से समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है।

# 5 सूत्रीय मांगों को लेकर वार्डवासियों ने तहसील आफिस का घेराव कर ज्ञापन सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल।** 5 सूत्रीय माँगो को लेकर शिवाजी वार्ड क्रमांक 23 के वार्डवासियो ने तहसील आफिस का घेराव कर एसडीएम गिरीश रामटेके को ज्ञापन सौंपा है।

उल्लेख है कि डोंगरगढ़ मुख्यमंत्री के भेट मुकालत कार्यक्रम में वार्ड विकास की 5 सूत्रीय प्रमुख मांग रखा गया था परंतु आज दिनांक तक मांग पर भेदभाव के कारण ध्यान नही दिया गया जिस कारण वार्ड नं 23 शिवाजी वार्ड के समस्त युवा वार्डवासियों वार्डपार्षद शालिनी ताम्रकार के मार्गदर्शन में पार्षद प्रतिनिधि सुमित ताम्रकार के नेतृव में वार्ड के महत्वपूर्ण मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया गया जिसमे वार्ड विकास की प्रमुख मांग जिसमें वार्डवासियों को स्थाई पट्टा प्रदाय करने, शहीद द्वार से चौथना खार तक सड़क डामरीकरण की मांग, तालाब सौंदरीकरण, डबरी में गार्डन व ओपन जिम निर्माण सहित वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण अतिशीघ्र कराने का अनुरोध किया गया है।

इस अवसर पर वार्ड के राजू सतपूते, कमल देवांगन, अवनीश ठाकुर, सचिन वर्मा, पवन वर्मा, सत्यम यादव, दुर्गेश वर्मा, राम यदु, हेमंत मांडवी, धर्मेंद्र पटेल, दीपक यादव, रितेश वर्मा, रवि देवांगन, अमित यादव, गोलू रजक, शेखर विषकर्मा, सुनील जांघेल, चेतन यादव, पप्पू राजपूत, संजय सिन्हा, शेखर सेंगर, गाविश साहू, शिंकू देवांगन, शुभम सहारे, विकास सहारे, डिकेश साहू, भोलू साहू, जितेंद्र यूके, महेश यादव, महेश सहारे, तनु विराम, हरीश सिन्हा, आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने अवैध शराब सहित कोचिया को पकड़ा

**बलौदाबाजार, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उप पुलिस महा निरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा अवैध जुआ सटटा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके पालन मे अति0पु0अ0 सचिन्द्र चौबे एंव उप पुलिस अधीक्षक अनुप वाजपेयी बलौदाबाजार के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना गिधपुरी आशीष सिंह राजपुत के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था कि दिनांक 26-04-2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ती टेमरी नाला पुल मे बिक्री करने हेतु शराब रखा है कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफएवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी इन्द्र कुमार जांगड़े पिता उज्जैन जांगड़े उम्र 30 साल साकिन सलोनी थाना पलारी को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े आरोपी से एक सफेद थैला मे दो पॉलीथिन झिल्ली मे 5-5 लीटर कच्ची महुवा शराब, जुमला 10 लीटर कीमती 2000 रूपये को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# सुनील माहेश्वरी की लोकप्रियता से शिवरतन घबराए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल।** विधायक शिवरतन शर्मा के समर्थकों के बयान पर नगर पालिका के सभापति व कद्दावर नेता सिरीज जांगड़े ने कहा कि सुनील माहेश्वरी की बढ़ती लोकप्रियता से शिवरतन शर्मा घबरा गए हैं। वहीं एल्डरमेन मुकेश साहू ने भाजपा कार्यकाल में अधूरे निर्माण कार्यों की बात कही।

सिरीज जांगड़े व मुकेश साहू ने संयुक्त रूप से आगे कहा कि रमन सरकार के कार्यकाल और शिवरतन शर्मा के समय नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष मोहन बांधे का कार्यकाल था, उस समय का माता देवालय भाटापारा का स्टेडियम अधूरा है। उसी समय लोकोत्सव मैदान जीर्ण शीर्ण कर दिया गया। हटरी बाजार को अव्यवस्थित कर वहां के व्यापार को बर्बाद कर दिया गया। नया बस स्टैंड बनने के बावजूद बस स्टैंड वालों को और थोक सब्जी, थोक किराना, ट्रांसपोर्ट नगर वालों को जगह उपलब्ध नहीं कराई गई। आधा अधूरा रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण से जनता परेशान है। जब भाजपा वाले बोलते हैं कि शिवरतन शर्मा विकास पुरुष हैं, तो इतनी कमियां भाटापारा में क्यों हैं? यह उनके काम न करने का उदाहरण ही है।

दोनों नेताओं ने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस के जो प्रत्याशी रहे हैं और प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि हैं उन्हें पूर्व जनपद सदस्य बोलकर आप माहेश्वरी का मनोबल नहीं गिरा सकते हैं। माहेश्वरी दो बार जनपद सदस्य और एक बार जिला पंचायत सदस्य जनता के बीच से सीधे बिना पार्टी निशान के चुनाव जीत चुके हैं। विधायक शिवरतन शर्मा जी आपने कभी अपने दम पर बिना पार्टी चुनाव चिन्ह के चुनाव नहीं लड़े हैं, लड़ने पर उन्हें जमीनी हकीकत पता चल जाएगा। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का पान ठेला से लेकर शोरूम के मालिक तक हर व्यक्ति बोलता है कि 2018 में अगर कांग्रेस के वोटों का विभाजन नहीं होता तो शिवरतन शर्मा 30 हजार वोट से हारते।





आगे कहा कि राजनीति में हार व जीत तो लगा रहता है, लेकिन मोहन बांधे और सुनील यदु अपने नेता पर इतना गुमान न करें क्योंकि उन्होंने भी तीन चुनाव हारे हैं। रही नगर पालिका में विकास कार्यों की बात तो हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे कार्यकाल में पाइप घोटाला जैसा कोई कांड नहीं हुआ है। हमने किसी के नाम से सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं किया। किसी रिश्तेदार के एकाउंट में नगर पालिका का पैसा नहीं डलवाया। विकास पुरुष इतना ही जागरुक होते तो सैकड़ों करोड़ का धान फड़ से गायब हुआ तब उन्होंने विधानसभा में प्रश्न क्यों नहीं उठाया। यह पब्लिक है जो सब जानती है।

**समाचार संक्षेप**

## महिला विरोधी हैं मोदी सरकार

**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव गोमास्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देश को मेडल दिलाकर सम्मान दिलाने वाली महिला खिलाड़ी न्याय के लिए तरस रही है। 7 महिला खिलाडियों द्वारा भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफअपने साथ यौन उत्पीडन किये जाने का आरोप लगाते हुए जनवरी में धरना प्रदर्शन किया गया था जिस पर मोदी सरकार द्वारा आश्वासन देते एक कमेटी बनाकर कमेटी द्वारा 3 माह में कार्यवाही करने की बात कही गई थी। कमेटी द्वारा 3 माह में रिपोर्ट नहीं देने और मोदी सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर दुखी महिला खिलाड़ी पुन: जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन में बैठीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कुछ महिलाओं द्वारा अपने ऊपर हुए अन्याय को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बताने और उस बात को प्रेस में उठाने पर उन्हें नोटिस देने वाली दिल्ली पुलिस आज महिला खिलाडियों द्वारा शिकायत करने पर भी कार्यवाही से बच रही है। क्या भाजपा सांसद होने के कारण भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर एफआई आर दर्ज नहीं किया जा रहा है। खिलाड़ी देश का मान होते हैं। देश उन पर गर्व क्यों करता है? क्योंकि तमाम मुश्किलों के बावजूद अथक मेहनत और बहुत कुछ सहकर जब वे पदक जीतते हैं, तो उनकी जीत में हमारी जीत होती है, देश मुस्कुरा उठता है। महिला खिलाड़ियों की जीत बाकियों से बड़ी होती है। वे देश की संसद के बगल की सड़क पर आँखों में आँसू लिए बैठी हैं। लंबे समय से चल रहे शोषण के खिलाफउनकी शिकायत कोई सुन नहीं रहा। क्या मोदी सरकार दोषियों को बचाना चाहती है?

### ग्लोबल सांइस एकेडमी में इंटर स्कूल टैलेंट सर्च



**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्लोबल सांइस एकेडमी के द्वारा केजी 01 से 5वीं के बच्चों हेतु पेटिंग, डांस, सिंगिंग, जनरल नॉलेज का इंटर स्कूल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खालसा, शिशु मंदिर ब्रदरहुड, आत्मानंद, शिरोमणि और अन्य स्कूलों के माध्यम प्रतियोगिता हेतु 600 से अधिक छात्रों ने पंजीयन कराया। ग्लोबल सांइस एकेडमी की डायेक्टर संध्या मिश्रा ने बताया कि चन्द्र शेखर देवांगन सर के संपूर्ण मार्गदर्शन में यह नि:शुल्क प्रतियोगिता का आयोजन कर सभी इवेंट में चयनित 20-20 बच्चों को वैदिक मैथ्स, स्पोकन इंग्लिश, जनरल नॉलेज, डॉस, पेंटिंग व सिंगिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जावेगा। मिश्रा ने बताया कि ग्लोबल सांइस एकेडमी द्वारा आगे आई.आई.टी., नीट, पी.एस.सी., व्यापम हेतु भी नि:शुल्क मार्गदर्शन - सेमिनार आयोजित कराये जावेंगे। बुटीबाड़ा जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में नवाज खान अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य आतिथ्य तथा सुदेश मेश्राम, खंड शिक्षा अधिकारी एफ आर कोसरिया की उपस्थिति में सभी इवेंट के उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। अतिथि श्री नवाज खान ने कहा कि डोंगरगढ़ शहर में इस तरह का इंटर स्कूल टैलेंट सर्च और प्रमुख विषयों का नि:शुल्क प्रशिक्षण व मार्गदर्शन कार्यक्रम पहली बार किसी संस्था के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं भारी संख्या में उपस्थित पालकों ने ग्लोबल साइंस एकेडमी के इस बहुविध कला एवं शैक्षणिक कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

### सर्व सोनी समाज की प्रदेश महिला अध्यक्ष शारदा सोनी ने सामाजिक बैठक रेस्ट हाउस सासाहोली में ली



**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रेस्ट हाउस सासाहोली में सर्व सोनी समाज के प्रदेश महिला अध्यक्ष शारदा सोनी जी ने सर्व सोनी समाज का बैठक लिया जिसमें सर्व सोनी समाज तिल्दा नेवरा के पदाधिकारी गण एवं सदस्य उपस्थित हुए जिसमें तिल्दा नेवरा में समाज की गतिविधियों की जानकारी उक्त बैठक में लिया गया तथा समाज को आगे बढ़ाने में अपना अनुभव बांटते हुए समाज के लोगों को दिशा निर्देशित भी किया गया एवं समाजिक समस्याओं तिल्दा नेवरा नगर में सामाजिक भवन नहीं होने पर भवन बनाने के लिए भूमि मांग पर चर्चा करते हुए उक्त समस्याओं को अति शीघ्र पूर्ण करने का प्रदेश अध्यक्ष शारदा सोनी के द्वारा आश्वासन दिया गया उक्त कार्यक्रम के दौरान शारदा सोनी ने लगातार 35 वर्षों से समाजिक धार्मिक कार्यों में अपनी सेवाएं देती आ रही है उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार बेहतर से बेहतर कार्य कर रही है जिससे आम गरीब मजदूर किसान लाभान्वित हो रहे हैं और इसका फायदा उठा रहे हैं बलोदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के उत्तम विकास में विहीन रहा है जिस कारण जब जब सरकार जिस पार्टी की होती है तब तब विधायक दूसरी पार्टी के होते हैं जनता के अनुरूप विकास कार्य के कार्य नहीं हो पाते हैं इसलिए आने वाले समय में समाज के साथ-साथ आम जनता को चाहिए की सरकार और स्थानीय विधायक एक ही पार्टी के हो तभी विकास की गति को आगे बढ़ाया जा सकता है वैसे छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार बहुत ही बेहतर काम कर रही है और अलग-अलग योजनाएं बनाकर काम कर रही है।

## सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# कक्षा नवमी का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 27 अप्रैल।** सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा में आज दिनांक 25 अप्रैल को स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश चंदानी प्राचार्य बीएनबी विशेष अतिथि पीएल साहू अभिभावक, सतीश निषाद अभिभावक, समिति सदस्य नारायण शर्मा, स्वप्निल श्रीवास्तव, प्राचार्य वासुदेव साहू ने मां भारती, मां सरस्वती, ओंकार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी को अच्छी मेहनत करनी चाहिए यदि परिणाम अच्छे ना आए तो निराश नहीं होना चाहिए। पीएलसाहू ने कहा कि आचार्य की परिभाषा बताते हुए कहा कि आचार्य चरित्रवान, आदर्शवाद, यश नाम होना चाहिए। नारायण शर्मा ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा एवं संस्कार के लिए जाना जाता है। सभी भैया बहनों को बधाई दी। स्वप्निल श्रीवास्तव ने सभी उत्तीर्ण भैया बहनों को बधाई दी जाए।कक्षा प्रथम से एकादश तक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से अष्टम तक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा विभाग प्रमुख आचार्य ललिता आडिल व खिलेश्वरी वर्मा ने किया। कक्षा नवम का परीक्षा फल 85.36 प्रतिशत रहा तथा कक्षा एकादश का परीक्षा फल 74.13 प्रतिशत रहा। विद्यालय का सर्व परीक्षा फल 94.42 प्रतिशत रहा। मंच संचालन प्यारे लाल वर्मा व राज कुमार ताती वरिष्ठ आचार्य ने किया। कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों व शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले भैया बहनों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य, अभिभावक गण व विद्यालय के समस्त अतिथि आचार्य उपस्थित रहे। वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा प्रथम में प्रथम रागनी, द्वितीय धनंजय चक्रधारी, तृतीय स्थान राज, कक्षा द्वितीय में प्रथम धवल वर्मा, द्वितीय गुलशन शुक्ला, तृतीय आदित्य निषाद, कक्षा तृतीय में प्रथम रूपिका साहू, द्वितीय फैजलु उद्दीन कुरेशी, तृतीय साहिल मानिकपुरी, कक्षा चतुर्थी में प्रथम वीरकांत सिंह राठौर, द्वितीय उन्नति कश्यप, तृतीय पंखुड़ी साहू, कक्षा पंचम में प्रथम सानवी सोनी, द्वितीय प्रकाश वर्मा, तृतीय जीविका वर्मा का रहा। कक्षा षष्ठ में प्रथम विराट चौहान, द्वितीय अक्षय निर्मलकर, तृतीय रंजीता निषाद, कक्षा सप्तम में प्रथम सोनाक्षी सोनी, द्वितीय एकता वर्मा, तृतीय कनक, कक्षा अष्टम में प्रथा हेमंत पटेल, द्वितीय अर्जुन शर्मा, तृतीय ट्विंकल बर्मन, कक्षा नवम में प्रथम यशोदा साहू, द्वितीय भूमिका वर्मा, तृतीय गीतांजलि साहू, कक्षा एकादश में प्रथम प्रगति वर्मा, द्वितीय साक्षी वर्मा, तृतीय अनुष्का का रहा है।

प्राचार्य वासुदेव साहू ने सभी उत्तीर्ण भैया बहनों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने आए हुए अतिथियों गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202304094500027/202304094500027**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन 2022-2023
झंडातलाव प.ह.न. 00016 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- गीताराम चन्द्रवंशी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक गीताराम चन्द्रवंशी पिता स्व. गेंदलाल चन्द्रवंशी जाति कंवर, निवासी ग्राम झण्डातलाव तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के मामा आशाराम पिता स्व. परउ राम जाति कंवर का मृत्यु दिनांक 12.01.2010 को स्थान झण्डातलाव में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत झण्डा तलाव में मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक को अपने मामा आशाराम पिता स्व. परउ राम जाति कंवर का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत ग्राम झण्डातलाव में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अत: ग्राम पंचायत झण्डातलाव में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 28.04.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/04/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
लाल बहादुर नगर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र. क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम दुलदुला प.ह.नं. 17

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम दुलदुला प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदिका कामिनी पति अनिल कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम दुलदुला प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 10 रकबा 1.5600 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 08.05.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 21.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
सिमगा ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.........अ/74 वर्ष 2022-23
पक्ष, गीताबाई पति तिरिथराम सत.
मौजा ग्राम छेरकापुर प.ह.नं 28
रा.नि.मं. व तहसील पलारी,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीताबाई पति तिरिथराम जाति सतनामी निवासी छेरकापुर तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम छेरकापुर प.ह.नं 28 स्थित भूमि कुल ख.नं. 02 रकबा 0.220 हे. भूमि को आवेदक के नाम पर एकल खाते में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब गुम हो चुका है। इसलिए आवेदक खाद बीज ऋण एवं अन्य कार्यों में असुविधा हो रहा है। इसलिए आवेदक द्वारा उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु इसलिए आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन मय, शपथ पत्र, बी-1 खसरा, थाना रिपोर्ट सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 08.05.2023 तक मेरे न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के. माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 19.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
पलारी

**न्यायालय तहसीलदार, लाल बहादुर नगर, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202211090100013
अ/21 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त आवेदक राजकुमार आ. थूकेल गोंड़, जाति गोंड़ निवासी ग्राम नारायणगढ़, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव कृषक ग्राम रानीतलाव में अपने स्वामित्व में स्थित भूमि, खाता क्रमांक 93 खसरा नंबर 116/6 रकबा 0.020ए. परिवर्तित भूमि जिसमें लगभग 0.04ए.भूमि पर शीटयुक्त आवासीय मकान को गैर आदिवासी व्यक्ति समय लाल गंधर्व आ. बिकल राम गंधर्व जाति गाड़ा, निवासी ग्राम नारायणगढ़, तहसील लाल बहादुरनगर, जिला राजनांदगांव को विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगांव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 08.05.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.04.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
लाल बहादुर नगर




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23